✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 321 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 20 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात करते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशिक्षण के दौरान सिपाही की मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** राजगीर के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे एक जवान की अचानक मौत से माहौल गमगीन हो गया है। जानकारी के अनुसार राजगीर स्थित प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग कर रहे सिपाही विकास कुमार की हार्ट अटैक से जान चली गई। मृतक विकास कुमार गया जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र के सोंधी गांव के रहने वाले थे। उनकी उम्र करीब 35 साल थी। उनका ससुराल नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के बड़हर गांव में है।

### हर जिले में गरीब चौपाल लगाएगा हम

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) हर जिले में गरीब चौपाल लगाएगी। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने रविवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हाल में आयोजित आंबेडकर जयंती समारोह में कहा कि वह राज्य के प्रत्येक जिले का दौरा करेंगे और दलितों, गरीबों एवं वंचित समाज के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल घोषणा नहीं बल्कि एक जमीनी अभियान होगा जिसके जरिए अंतिम पायदान के व्यक्ति तक न्याय और समाधान पहुंचाया जाएगा।

### 25 अप्रैल तक इंटर में नामांकन के लिए भर सकेंगे फॉर्म

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) ने राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों में इंटर में नामांकन के लिए आवेदन फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। नामांकन के लिए अब 25 अप्रैल तक बोर्ड के ओएफएसएस से आवेदन कर सकते हैं। इंटर में राज्य के 10 हजार शिक्षण संस्थानों के 17.50 लाख से अधिक सीटों पर सत्र 2026-2028 के लिए नामाकंन होना है। सामान्य आवेदन पत्र समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 25 हजार का इनामी अपराधी धराया

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** सहरसा पुलिस और एटीएफ ने एक संयुक्त अभियान में 25 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी संजय सादा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और सात जिंदा कारतूस बरामद किए। साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने रविवार शाम एक प्रेस वार्ता में इसकी पुष्टि की। पुलिस को 19 अप्रैल 2026 की सुबह चिड़ैया थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना मिली थी।

### धिक्कार मार्च निकालेंगे सांसद उपेंद्र कुशवाहा

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** देश भर में महिला आरक्षण बिल को लेकर जारी राजनीतिक घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए निशाना साधा है। उन्होंने संसद में पारिसीमन और महिला आरक्षण बिल के पारित नहीं होने को लेकर कांग्रेस और महागठबंधन में शामिल दलों को जिम्मेदार ठहराया। श्री कुशवाहा ने बताया कि उनकी पार्टी 22 अप्रैल को बिहार के सभी जिला मुख्यालय में धिक्कार मार्च निकालेगी।

मुख्यमंत्री ने बापू की जीवनी, उनके आदर्शों तथा बिहार की गौरव गाथा पर आधारित फिल्म का किया अवलोकन

# बापू टावर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत और आदर्शों का स्मारक : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज गर्दनीबाग में बापू टावर का भ्रमण किया। उन्होंने बापू टावर के भूतल, प्रथम, द्वितीय, तीसरा, चौथा एवं पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बापू टावर पहुंचकर वहां स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूतल पर ही बनाये गये ओरियेंटेशन हाल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंाान केन्द्र, आगंतुक सुविाायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।



मुख्यमंत्री ने विभिन्न डिजिटलाइज्ड प्रदर्शों का भी अवलोकन किया। शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विद्यालयों में वाचन हेतु तैयार किताब 'बापू की पाती एवं 'मोहन से महात्मा को भी डिजीटल रूप में बच्चों की सुलभ जानकारी हेतु प्रदर्शित किया गया है जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के प्रदर्शों का अवलोकन करते हुये कहा कि गर्दनीबाग में बनाये गये बापू टावर महात्मा गांधी के स्थायी विरासत और प्रदर्शों का प्रमाण है। बापू टावर बहुत ही अच्छा बना है। यह लोगों के लिये दर्शनीय और उपयोगी है। बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी एवं देश के अन्य हिस्सों से आए लोग यहां आकर बेहतर ढंग से चीजों को जान सकेंगे। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव तथा बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया बापू टावर परिसर एवं इसके आसपास हरियाली को और अधिक विकसित करायें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्कूलों के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों को बापू टावर, बिहार संग्रहालय, पटना म्यूजियम, साइंस सिटी का रूट बनाकर भ्रमण करायें। उन्होंने भवन निर्माण विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि पर्यटन विभाग तथा कला एवं संस्कृति विभाग से समन्वय स्थापित कर बापू टावर में अधिक से अधिक लोगों के भ्रमण की सुविधा सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री ने बापू की जीवनी, उनके आदर्शों एवं कार्यों तथा बिहार की गौरव गाथा पर आधारित फिल्म का अवलोकन किया।

# नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आगे बढ़ेगी पार्टी : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** निशांत कुमार ने रविवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में पूर्णिया एवं भागलपुर प्रमंडल के जिला अध्यक्षों व प्रखंड अध्यक्षों के साथ संगठन से जुड़े मसले पर बैठक की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े कार्यों को सुचारू ढंग से आगे बढ़ाया जाए। गरीब केंद्रित योजनाओं की सतत निगरानी जरूरी है। बैठक में किशनगंज, पूर्णिया, पूर्णिया नगर, कटिहार, कटिहार नगर, अररिया, भागलपुर, भागलपुर नगर एवं बांका के जिलाध्यक्षों तथा संबंधित प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, अनिल कुमार डा. अमरदीप वासुदेव कुशवाहा भी उपस्थित थे। निशांत कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में पार्टी एवं संगठन के कार्यों को सुचारु रूप से आगे बढ़ाना है। कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत और आधार हैं। वर्ष 2005 में नीतीश कुमार द्वारा बिहार की बागडोर संभालने के बाद कानून-व्यवस्था



को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी। उस समय राज्य में मात्र 817 पुलिस थाने थे, जो अब बढ़कर 1380 से अधिक हो चुके हैं। पुलिस वाहनों की संख्या चार हजार से बढ़कर 12 हजार से अधिक तथा पुलिस बल की संख्या 42 हजार से बढ़कर डेढ़ लाख से अधिक हो गयी है। इन प्रयासों का परिणाम है कि बिहार में भय का वातावरण समाप्त हुआ और आज शांति एवं सौहार्द के माहौल में राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है। निशांत ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नीतीश कुमार के ऐतिहासिक विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा आगे भी उनके मार्गदर्शन में कार्य करते हुए पार्टी संगठन को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाएं।

# ज्वेलरी शॉप से 20 लाख की लूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। यही कारण है कि अपराधी एक के बाद एक आपराधिक वारदातों को दिनदहाड़े बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है कि सम्राट चौधरी की पुलिस का डर भी इनके अंदर खत्म हो गया है। यही कारण है कि अपराधी पुलिस को भी चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इस वक्त की बड़ी खबर राजधानी पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र की है जहां दिनदहाड़े नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने अक्षय तृतीया के मौके पर एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया है। ज्वेलरी शॉप में घुसकर भीषण डकैती की घटना को अपराधियों ने अंजाम दिया है। विरोध करने पर दुकान के मालिक को पिस्टल के कुंडे से सिर पर मारकर घायल कर दिया और लूट की बड़ी वारदात को बेखौफ अंजाम दिया। बाइक सवार नकाबपोश पांच अपराधियों ने सोने-चांदी



के जेवरात जिसकी कीमत 15 से 20 लाख रुपये आंकी जा रही है, उसे हथियार के बल पर लूट लिया और हथियार चमकाते हुए वहां से भाग निकले। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। बदमाश दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे थे। इनमें से तीन अपराधी दुकान के अंदर घुसे जबकि दो बाहर खड़े होकर रेकी करते रहे। अंदर घुसे बदमाशों ने हथियार के बल पर दुकान को अपने कब्जे में लिया और कुछ ही मिनटों में करीब 15 से 20 लाख रुपये के आभूषण लूट लिए। लूटे गए सामान में लगभग 4 किलो चांदी और 100 ग्राम सोना शामिल बताया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर सबूत जुटाने में लगी है।

# भगवान के आशीर्वाद से तेज गति से आगे बढ़ेगा बिहार : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को देवघर स्थित प्रसिद्ध बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने गर्भगृह में जाकर बाबा बैद्यनाथ के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की समृद्धि और बेहतर भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वीआईपी मूवमेंट के चलते आम श्रद्धालुओं को कुछ समय के लिए पूजा-अर्चना से रोका गया और वीआईपी गेट से गर्भगृह तक जाने के दौरान आम लोगों की एंट्री पर प्रतिबंध लगाया गया। देवघर पहुंचने पर एसडीएम रवि कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी संभाली। पूजा के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ के आशीर्वाद से



बिहार विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों और भगवान के आशीर्वाद से राज्य तेज गति से आगे बढ़ेगा। बैद्यनाथ धाम में पूजा के बाद मुख्यमंत्री बासुकीनाथ धाम भी पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा बासुकी पर जलाभिषेक किया। इसके बाद वे देवघर लौटे और सर्किट हाउस में कुछ देर विश्राम करने के पश्चात शाम को पटना के लिए रवाना होने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली प्रमुख धार्मिक यात्रा मानी जा रही है जिसमें उन्होंने राज्य के विकास और कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा।

जलाभिषेक के लिए बैद्यनाथ धाम सपरिवार पहुंचे बिहार विधानसभा अध्यक्ष

# निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है बिहार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** सनातन परंपरा के अत्यंत पावन पर्व अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर झारखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध तीर्थस्थल बैद्यनाथ धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इसी क्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार अपने पूरे परिवार के साथ बाबा धाम पहुंचे और भगवान भगवान भोलेनाथ का विधिपूर्वक दर्शन एवं पूजन किया। डॉ. प्रेम कुमार के साथ उनकी धर्मपत्नी प्रभावती देवी, बड़े पुत्र प्रेमसागर, छोटे पुत्र नीरज कुमार तथा सहयोगीगण भी उपस्थित रहे। सभी ने मंदिर परिसर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की और पवित्र गंगाजल अर्पित कर जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरे परिवार ने गहन आस्था के साथ भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को



मिलीं। बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु हाथों में जल और पूजा सामग्री लिए अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन का अवसर मिल सका। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अक्षय तृतीया का पर्व सनातन संस्कृति में विशेष महत्व रखता है। मान्यता है कि इस दिन किया गया हर शुभ कार्य, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना अक्षय फल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से बिहार निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है और आगे भी राज्य में शांति, सौहार्द और समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने प्रदेशवासियों के कल्याण, बेहतर स्वास्थ्य, दीर्घायु और आर्थिक उन्नति की कामना करते हुए कहा कि समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बना रहना चाहिए। उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक अवसर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं और समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने सभी श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस पावन अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता करें और धर्म के मार्ग पर चलते हुए समाज के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। पूरे आयोजन के दौरान बैद्यनाथ धाम का वातावरण श्रद्धा, आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत रहा।

# सूबे के अल्पसंख्यक इलाकों की बदलेगी सूरत : सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का विस्तार बिहार के सभी 38 जिलों तक कर दिया गया है। अब तक यह योजना राज्य के केवल 20 जिलों में ही लागू थी। योजना के विस्तार से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव मो. सोहैल के अनुसार इस योजना के तहत अल्पसंख्यक क्षेत्रों में स्कूल भवन, सद्भाव मंडप, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का निर्माण कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इन विकास कार्यों का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है। केंद्र सरकार के अनुसार, अब तक इस योजना के तहत 20 जिलों के 75 प्रखंडों और 8 शहरी क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य किए जा रहे थे। इनमें 3 नगर निगम, 7 नगर परिषद और 2 नगर पंचायत शामिल हैं जहां अल्पसंख्यक आबादी अधिक होने के कारण विशेष विकास पैकेज दिया गया था।




# मानवीय बुद्धिमता आज भी सर्वोपरि : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन की आम सभा ऊर्ज़ा ऑडिटोरियम में आहूत की गई। इसमें बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। उन्होंने बिहार प्रशासनिक सभा संघ पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धक किया। मुख्य सचिव ने वर्तमान दौर में नित बदलते परिवेश एवं एआई के युग में पदाधिकारियों को उस अनुरुप अपने आप को ढालने की बात कही। इसके साथ ही इस बात भी जोर दिया कि एआई के बढ़ते प्रभाव के बावजूद मानवीय बुद्धिमता आज भी सर्वोपरि है। आमसभा में बासा के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमुरारी शर्मा द्वारा भी सदस्यों को मार्गदर्शन दिया गया। आभ सभा में पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार, शशांक शेखर सिन्हा के अतिरिक्त पूर्व महासचिव विपिन कुमार, खुर्शीद अहमद सिद्धिकी तथा अनिल कुमार ने भी भाग लिया। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार द्वारा सदस्यो को संबोधित किया गया। संघ के महासचिव सुनील कुमार तिवारी द्वारा विगत वर्षों का प्रतिवेदन सभा के समक्ष रखा गया। उन्होंने बिहार प्रशासनिक सेवा के युवा अधिकारियों से कम्फर्ट पर कमिटमेंट को और कमांड पर कंपैशन को तरजीह देकर दायित्व निभाने का अनुरोध किया। उन्होंने सदस्यों से समाज के लिए काम करने और लोक सेवक होने के नाते मानवीय मर्यादा का दामन नहीं छोड़ने के लिए कहा।



# सदन में महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होना, महिलाओं के साथ धोखा : सीएम

## पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने लगातार महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लोकसभा से बहुचर्चित महिला आरक्षण विधेयक के पास नहीं होने को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने काला दिन बताया है। उन्होंने कहा कि इससे आरक्षण का अपमान हुआ और महिलाओं के साथ धोखा हुआ है। राजद, कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि इससे विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। मुख्यमंत्री रविवार को पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में इस विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर एनडीए के सभी घटक दलों की महिला जनप्रतिनिधि भी मौजूद थी। इन्होंने भी विपक्ष पर हमलावर तेवर अख्तियार करते हुए उन्हें आड़े हाथों लिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद पहले भी बिल फड़वा चुके हैं। उनके घर की बेटी और कांग्रेस के राहुल गांधी की बहन संसद बने तो इन्हें कोई गुरेज नहीं है, लेकिन ये कतई नहीं चाहते कि किसी गरीब-गुरबा की बेटी कभी भी सांसद बने। इस बिल का विरोध करके इन्होंने अपनी यह मानसिकता उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सोच रही है कि हमारे घर की बहन और बेटी तो सांसद बन जाये लेकिन गरीबों के परिवार का कोई महिला सदस्य सांसद नहीं बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर महिला आरक्षण बिल पास हो जाता तो बिहार विधानसभा में महिला जनप्रतिनिधि की संख्या 29 से बढ़कर कम से कम 122 हो जाती। इसी तरह देश के संसद में सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाती जिसमें 216 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाती जब देश की आबादी 70 करोड़ थी, तब भी संसद में 543 सीटें थीं। आज जब आबादी बढ़कर 140 करोड़ हो गई है तब भी सीटों की संख्या उतनी ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार तो 850 तक सांसदों की संख्या बढ़ाने का भरोसा तक दे रहे थे। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज जो देश की महिलाओं के साथ धोखा हुआ है उसके खिलाफ एनडीए एकजुट होकर देश में अभियान चलाएगी और उनसे जवाब भी मांगेगी। कांग्रेस से पूछा जाएगा कि आपके परिवार के लोग पीएम, सुपर पीएम, सांसद बन रहे हैं, इस देश की गरीब महिला कब सांसद बनेगी। यही प्रश्न सपा, राजद, टीएमसी से भी पूछा जाएगा। लोकतंत्र में वह दिन काला अध्याय है जिस दिन महिला आरक्षण बिल, नारी शक्ति के आरक्षण को रोकने का काम यूपीए के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि 2006 में जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी तो पंचायत और नगर निकायों में 50 फीसदी महिला आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई। इसका परिणाम है कि बिहार में पंचायती राज व्यवस्था और नगर निकायों में महिला जनप्रतिनिधि की संख्या 59 प्रतिशत से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि मंडल कमीशन हो या सवर्ण को 10 फीसदी आरक्षण देने का निर्णय हो, ये सभी काम एनडीए सरकार ने ही किए हैं। बिहार और देश की महिला को मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया जाएगा। प्रेस वार्ता में राज्यसभा की सांसद दर्शना सिंह, पूर्व मंत्री लेसी सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा की विधायक स्नेहलता कुशवाहा, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा की विधायक ज्योति देवी, लोजपा (रामविलास) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिन्हा पासवान, एमएलसी अनामिका सिंह पटेल, निवेदिता सिंह, एमएलए संगीता कुमारी, महापौर सीता साहू, पटना जिला परिषद की अध्यक्ष स्तुति गुप्ता, महिला आयोग की अध्यक्ष सजल झा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान, प्रीति शेखर भी उपस्थित थी।

# सौ प्रतिशत एचएलए मैच कैंप का आयोजन, राज्यपाल ने बढ़ाया उत्साह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा संचालित मां ब्लड सेंटर, दरियापुर में आज100 प्रतिशत एचएलए मैच कैंप का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। वर्ष 2009 से पीड़ित मानवता की निःस्वार्थ सेवा में संलग्न इस संस्था के सेवा कार्यों का अवलोकन करने एवं पूरे बिहार से आए 45 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों जिनका अपने सगे भाई-बहनों के साथ 100% बोन मैरो मैच हुआ है, को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त)सैयद अता हसनैन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राज्यपाल ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें अत्यंत संतोष एवं गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने संस्था को सभी धर्मों एवं समुदायों के लिए सेवा की उत्कृष्ट मिसाल बताया। साथ ही उन्होंने रक्तदान, थैलेसीमिया जागरूकता, मुक्तिरथ एवं बॉडी फ्रीजर एवं चश्मा बैंक जैसी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने स्वयं संस्था को पांच चश्मा देने की बात कही। राज्यपाल ने आगामी 21 जून 2026 को प्रस्तावित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति प्रदान की। साथ ही 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम हेतु उन्हें आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगजीवन सिंह, नंद किशोर अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राम मनोहर सिंघानिया, पंकज लुहारुका, अशोक शर्मा, कन्हैया अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एम पी जैन ने बताया कि इसके अतिरिक्त कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, मोनू खत्री, अमन राज, बबलू कुमार, सौरभ कश्यप, राकेश शर्मा, अनंत अग्रवाल, किशन बंका, विनय बजाज, पवन शर्मा, जितेंद्र जीतू जी, कन्हैया अग्रवाल कन्नू एवं सज्जन चौधरी ने भी कार्यक्रम की सफलता में सराहनीय भूमिका निभाई। समिति परिवार ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी मानवता की सेवा के इस संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाने का विश्वास व्यक्त किया।

# बिहार में हादसा पीड़ितों का 1.5 लाख तक फ्री इलाज


## राज्य में लागू होगा आईटीएमएस : विजय कुमार चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ उप मुख्यमंत्री सह परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को परिवहन विभाग की एक अहम समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय कार्यशैली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोपयोगी बनाने पर जोर दिया। परिवहन सचिव राज कुमार ने उन्हें विभाग की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बैठक में सड़क सुरक्षा, ड्राइविंग टेस्टिंग, जल परिवहन और परिवहन व्यवस्था को लेकर सकारात्मक निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने और घायलों को गोल्डन आवर में चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। परिवहन सचिव ने उप मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि अब आपातकालीन ट्रॉमा सेंटर में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को 1 लाख 50 हजार रुपए तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाएगा। राजधानी सहित राज्य के प्रमुख शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट और सुगम बनाने के लिए पीपीपी मोड पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लागू करने का निर्णय लिया गया है।

# परशुराम जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार का संदेश, भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें शक्ति, तप, त्याग और धर्म का अद्भुत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है और वे ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने अपने जीवन को अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष के लिए समर्पित कर दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ था। वे जन्म से ब्राह्मण थे, लेकिन उनके कर्म एक महान क्षत्रिय योद्धा के समान थे। उनके हाथ में धारण किया गया परशु, अर्थात कुल्हाड़ी, उनके नाम का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि जब समाज में अन्याय और अधर्म बढ़ता है तब उसे समाप्त करने के लिए साहस, दृढ़ संकल्प और धर्मनिष्ठा आवश्यक होती है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान परशुराम ने अत्याचारी राजाओं का विनाश कर समाज में न्याय की स्थापना की और यह संदेश दिया कि शक्ति का उपयोग सदैव धर्म और न्याय की रक्षा के लिए होना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें केवल एक पराक्रमी योद्धा ही नहीं, बल्कि एक महान गुरु के रूप में भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महान योद्धाओं को शिक्षा प्रदान की जो उनके ज्ञान और तपस्या की महानता को दर्शाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भगवान परशुराम के आदर्शों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में हमें उनके आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं, सत्य का साथ दें और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी से संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे सत्य और धर्म के मार्ग पर चलेंगे, अन्याय और भ्रष्टाचार का विरोध करेंगे तथा समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यदि उनके आदर्शों को जीवन में उतारा जाए तो एक बेहतर और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने सभी प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# अब खुद भरें जनगणना फॉर्म, उपमुख्यमंत्री ने शुरू की डिजिटल प्रक्रिया

## डिजिटल तरीके से शुरू हो रहे स्व जनगणना कार्य की दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनगणना 2027 के तहत होने वाले मकान सूची करण कार्य को लेकर हो रहे स्व-गणना के बारे में उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने खुद डिजिटल तरीके से स्व-गणना फॉर्म भरा। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि स्व गणना में नई टेक्नोलॉजी विकसित की गई है। यह बहुत अच्छा मॉडल प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहले भी स्व गणना के कार्य होते थे, लेकिन यह नहीं था। यह नई प्रक्रिया शुरू की गई है यह बहुत अच्छा है। इसके पूर्व जनगणना अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को स्व गणना के बारे विस्तार से जानकारी दी और उन्हें बताया कि पहले इसके लिए प्रगणक आते थे। इस बार भी प्रगणक आएंगे, लेकिन लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह डिजिटल प्रक्रिया शुरू की गई है ताकि लोग खुद डिजिटल तरीके से अपना डेटा भर सकें।

# बापू टावर में शिक्षा संकल्प सम्मेलन सह शिक्षा सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बापू टावर, गर्दनी बाग में जागरूकता अभियान संस्था द्वारा आयोजित शिक्षा संकल्प सम्मेलन में बदलते शैक्षिक परिदृश्य पर व्यापक चर्चा के साथ राज्यव्यापी शिक्षा संकल्प यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रवण कुमार, विशिष्ट अतिथि ग्लोबल ओपन यूनिवर्सिटी नागालैंड के प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ.) ए के नायक, एडीजी बीएसएनएल अनिल कुमार, शिक्षाविद कुमार अरुणोदय, उच्च शिक्षा विभाग बिहार के सहायक निदेशक दीपक कुमार सिंह, नागरिक सुरक्षा के पुलिस अधीक्षक हिमांशु त्रिवेदी, समाजसेवी एवं दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, एमिटी यूनिवर्सिटी पटना की डॉ. रेखा तिवारी, जस्टिस वेंचर इंडिया ट्रस्ट के संजू सिंह, बापू टावर के निदेशक विनय कुमार, कार्यक्रम संयोजक निमेष शुक्ला एवं सह संयोजक परमेश्वर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षा संकल्प यात्रा राज्य में शिक्षा के समग्र विकास, जागरूकता और गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ शिक्षा के स्वरूप में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, ऐसे में आधुनिक तकनीक, डिजिटल लर्निंग और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है। वहीं अपने संबोधन में कार्यक्रम संयोजक निमेष शुक्ला ने कहा कि शिक्षा संकल्प यात्रा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस पहल के जरिए शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने और हर वर्ग को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# महिला विरोधी हैं ममता, माफ नहीं करेंगी बंगाल की माता-बहनें : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व मंत्री व पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पांडेय ने ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्हें निशाने पर लिया। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण बिल न पास होने का ठीकरा ममता की पार्टी टीएमसी पर फोड़ा। श्री पांडेय ने कहा कि बंगाल की निर्मम सरकार महिला विरोधी है। यहां महिलाओं के साथ हिंसक घटनाएं व अत्याचार के मामले देश भर में सबसे अधिक हैं। बंगाल की 'क्रूर सरकार' के खिलाफ राज्यभर में जन-आक्रोश है। अब बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए तैयार है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को टीएमसी और कांग्रेस ने पास नहीं होने दिया। पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण को नई दिशा मिलती। मगर ममता बनर्जी की महिला विरोधी मानसिकता ने उसे रोक दिया। बंगाल की महिलाएं 33 प्रतिशत आरक्षण चाहती थीं और पीएम मोदी ने इसे सुनिश्चित किया। टीएमसी को डर था कि अगर बंगाल की बेटियां बड़ी संख्या में विधायक और सांसद बन गईं तो उनके 'महा जंगलराज' का अंत हो जाएगा। इसीलिए टीएमसी और कांग्रेस ने मिलकर साजिश रची और महिलाओं को उनका हक मिलने से रोक दिया। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अनगिनत कार्य किए हैं। यही कारण है कि देश के हर राज्य में बहनें और बेटियां भाजपा को सबसे अधिक आशीर्वाद देती हैं।

# महिला आरक्षण बिल पारित नहीं होने के विरोध में एनडीए की लाखों महिलाएं सोमवार को पहुंचेंगी गांधी मैदान, दिखेगा आक्रोश

## आक्रोश प्रदर्शन में शामिल महिलाओं को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे संबोधित : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिला आरक्षण विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के बाद में एनडीए की महिलाएं आक्रोशित हैं। अब प्रदेश की महिलाएं अपने हक और अधिकार के इस विधेयक के पारित नहीं होने के विरोध में सड़क पर उतर रही हैं। बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में कल यानी सोमवार को लाखों की संख्या में महिलाएं एकत्रित होंगी और विपक्ष के खिलाफ जमकर आक्रोश प्रदर्शन करेंगी। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि इस आक्रोश प्रदर्शन में प्रदेश के सभी जिलों से लाखों की संख्या में एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं के अलावा आम महिलाएं भाग लेंगी और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने में रोड़ा अटकाने वाले विपक्ष के नेताओं से जवाब मांगेगी। उन्होंने कहा कि इस आक्रोश प्रदर्शन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। गांधी मैदान में एक भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। प्रदेश भर से आई लाखों महिलाओं को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अलावा एनडीए के कई दिग्गज नेता भी उन्हें संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पारित नहीं होने को लेकर बिहार की आधी आबादी निराश और खुद को अपमानित महसूस कर रही है। कल गांधी मैदान में इन आक्रोशित महिला नेत्रियों का हुंकार इसी का प्रकटीकरण होगा। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में आम महिलाएं भी शामिल होंगी जो राजद और कांग्रेस से यह सवाल भी पूछेंगी कि उनकी घर की महिलाएं जब सांसद बन सकती है तो हम गांव की महिलाओं को इस हक और अधिकार से वंचित क्यों किया गया।

# रूह की खुराक है साहित्य : प्रो अबु बकर रिजवी

## वार्षिक पत्रिका संरचना का विमोचन, पटना में साहित्यिक ऊर्जा का संगम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय किलकारी बाल भवन, सैदपुर में लघुकथा पाठ-सह-लोकार्पण संध्या का सफल और भव्य आयोजन किया गया। लघुकथाकारों, साहित्यकारों, आलोचकों और साहित्य प्रेमियों की भारी संख्या ने इस कार्यक्रम को साहित्यिक उत्साह और रचनात्मकता से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं प्रख्यात शायर-आलोचक प्रो. अबु बकर रिजवी ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर लघुकथा-केंद्रित वार्षिक पत्रिका संरचना (संपादकः डॉ. कमल चोपड़ा) का विधिवत लोकार्पण हुआ।

इस अवसर पर प्रो. रिजवी ने कहा कि संरचना जैसी पत्रिकाएं लघुकथा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाली सेतु हैं जो रचनाकारों की संवेदनाओं को राष्ट्रव्यापी मंच प्रदान करती हैं। पत्रिका के संपादक डॉ कमल चोपड़ा के संपादकीय दृष्टिकोण और लघुकथा विधा के प्रति उसके समर्पण की उन्होंने भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं 'नई धारा' पत्रिका के संपादक प्रो. शिवनारायण ने 'संरचना' की सराहना करते हुए कहा ऐसी पत्रिकाएं रचनाकारों को न केवल मंच देती हैं, बल्कि लघुकथा को समकालीन मुद्दों से जोड़कर नई दिशा भी प्रदान करती हैं। लघुकथा का विस्तार आज आवश्यक है क्योंकि यह समाज की नब्ज को संक्षेप में पकड़ लेती है–चाहे वह पर्यावरण हो, लैंगिक असमानता हो या डिजिटल युग की चुनौतियां। उनके इस कथन ने उपस्थित श्रोताओं में उत्साह भर दिया। मंच के महासचिव डॉ. ध्रुव कुमार ने अपने स्वागत भाषण में लघुकथा की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा आज के दौर में लघुकथा सबसे सशक्त विधाओं में से एक है। यह कम शब्दों में गहन संवेदनाओं, सामाजिक विडंबनाओं और मानवीय संघर्षों को व्यक्त करने की अद्भुत क्षमता रखती है। मंच इस विधा को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए कटिबद्ध है।

# बिंदी से शुरू हुई कहानी, अब बन गई ग्लोबल टिकुली आर्ट की यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार संग्रहालय में रविवार को 'संवादः टिकुली कला-कलाकारों की नजर में' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों ने भाग लेकर इस पारंपरिक कला की समृद्ध विरासत पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने किया। पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास, राज्य पुरस्कार से सम्मानित शबीना इमाम, संतोष कुमार टिकुली कलाकार रुचि कुमारी और मनीषा कुमारी ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि टिकुली कला बिहार की एक अत्यंत प्राचीन और विशिष्ट लोक कला है जिसकी शुरुआत लगभग 800 वर्ष पहले मानी जाती है। 'टिकुली' शब्द संस्कृत के 'टिका' से बना है जिसका अर्थ होता है माथे पर सजाया जाने वाला बिंदु या बिंदी। प्रारंभिक दौर में यह कला मुख्यतः कांच के टुकड़ों पर सोने की पॉलिश और नाजुक चित्रकारी के रूप में विकसित हुई थी जिसे विशेष रूप से महिलाओं के श्रृंगार के लिए उपयोग किया जाता था। कलाकारों ने बताया कि समय के साथ इस कला में कई बदलाव आए। महंगे कांच और सोने की जगह अब लकड़ी, हार्डबोर्ड और एनामेल रंगों का प्रयोग होने लगा है। आज टिकुली कला केवल बिंदी तक सीमित नहीं है, बल्कि ट्रे, कोस्टर, दीवार सज्जा, ज्वेलरी बॉक्स, कपड़े और अन्य सजावटी वस्तुओं पर भी इसका प्रयोग किया जा रहा है। प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री अशोक विश्वास ने बताया कि 1973 में मैट्रिक पास करने के बाद उपेंद्र महारथी संस्थान में टिकुली पेंटिंग के जरिये पेंटिंग तैयार किया करते थे जिसके कारण उन्हें हर बार नये-नये काम मिलते रहे। 1982 में नई दिल्ली में आयोजित एशियन गेम में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हाथों 5000 खिलाड़ियों को 4-4 यानी कुल 20,000 टिकुली पेंटिंग भेंट के तौर पर दी गयी थी। टिकुली कलाकार रुचि कुमारी ने कहा कि टिकुली कला को कैनवास से उतार कर वस्त्र पर तैयार किया है। इसके जरिये तैयार किये गये पोशाक अपने-आप में बेहद खास है। बिहार संग्रहालय में लगे प्रदर्शनी में इस पोशाक में धोती-गमछा पर टिकुली आर्ट के जरिये खास कलाकृति तैयार की गयी है। खासकर भागलपुर की तस्र सिल्क साड़ी पर टिकुली पेंटिंग का काम अनोखा काम किया गया है।

# दिगम्बर जैन मंदिरों में अक्षय तृतीया धूमधाम से मनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर पटना के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह, कालीबीबी का कटरा, गुरारा, खाजेकलां पंचायती दिगम्बर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया। यह जानकारी देते हुए जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर भगवान ऋषभदेव के प्रथम आहार ग्रहण दिवस के रूप में विशेष पूजन, अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में हजारों श्रद्धालुओं एवं आमजन को इक्षु रस (गन्ने का रस) पिलाया गया। इस सेवा कार्य में समाज के युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है क्योंकि इसी दिन प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष की कठोर तपस्या के पश्चात इक्षु रस से पारणा किया था। इसी परंपरा को निभाते हुए यह सेवा कार्य प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट विमाना और ऑपेरियन लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसएसआई मल्टी-स्पेशियल्टी रोबोटिक सर्जरी कांफ्रेंस 2026 के दौरान एसएस इन्नोवेशंस इंटरनेशनल ने अत्याधुनिक तकनीकों प्रोजेक्ट विमाना और प्रोजेक्ट ऑपेरियन का अनावरण किया। ये तकनीकें भविष्य की सर्जिकल और आपातकालीन चिकित्सा प्रणाली को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। तीन दिवसीय सम्मेलन में 1500 से अधिक डॉक्टरों और 250 विशेषज्ञों ने भाग लिया जहां रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेली-सर्जरी पर चर्चा हुई तथा लाइव सर्जरी का प्रदर्शन किया गया। प्रोजेक्ट विमाना एक उन्नत बैटलफील्ड सर्जिकल सिस्टम है जो ड्रोन के माध्यम से आपात स्थिति में सर्जरी संभव बनाता है जबकि प्रोजेक्ट ऑपेरियन एक मोबाइल ऑपरेटिंग रूम सिस्टम है जिसे दूरदराज और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया जा सकता है। सम्मेलन में एसएसआई काया ह्यूमनॉइड एप्लिकेशन भी पेश किए गये जो स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, लॉजिस्टिक्स, आपदा प्रबंधन और औद्योगिक क्षेत्रों में मानव क्षमताओं को बढ़ाने में मदद करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि भारत तेजी से मेडटेक क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। वहीं एसएस इन्नोवेशंस के सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने इन तकनीकों को सर्जिकल सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में मरीजों ने जांच कराई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमें विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब चार सौ से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। बंसल ने बताया कि यह जांच शिविर श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, न्यू बहादूरपुर, पटना के सौजन्य से किया गया। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर में 21 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमें प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, प्रसिद्ध एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रवण कुमार एवं कृष्ण केशव ठाकुर, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. पूनम नंदन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार एवं डॉ शिल्पी अग्रवाल तथा डॉ प्रवीण कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार, होमियोपैथ के डॉ कन्हैया अग्रवाल, सीनियर न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ नितिन बहुगुणा, पैरालाइसिस विशेषज्ञ डॉ हिमांशु शेखर, एक्स रे डॉ शाहीन रिजवान सहित कुल 21 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को देखा। सबसे अधिक हड्डी एवं आंख के मरीजों ने अपना इलाज कराया।

# करोड़ों की लागत से बनेंगे नाले : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** भभुआ शहर को सालों से चली आ रही जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक बड़ी पहल की गई है। नगर परिषद भभुआ ने महत्वपूर्ण नाला निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर भभुआ विधायक भरत बिंद और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना की। कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत दो मुख्य नालों का निर्माण किया जा रहा है। प्रथम चरण में स्टेडियम गेट से एकता चौक तक 2 करोड़ 46 लाख की अनुमानित लागत से नाला बनेगा। द्वितीय चरण में एकता चौक से कैमूर स्तंभ तक 2 करोड़ 60 लाख की लागत से निर्माण कार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन नालों का निर्माण 'बुडको' के माध्यम से कराया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल और एकता चौक जैसे व्यस्त इलाकों में बारिश के दौरान होने वाले जलजमाव को पूरी तरह समाप्त करना है जिससे शहरवासियों को राहत मिल सके। शिलान्यास के मौके पर विधायक भरत बिंद ने संवेदक और विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विधायक ने मानसून से पहले कार्य पूरा करने पर जोर दिया, ताकि इस बार शहरवासियों को जलजमाव की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने पानी की तेजी से निकासी के लिए नाले के ढाल (स्लोप) पर विशेष ध्यान देने को भी कहा। इस दौरान स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, नगर परिषद के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। प्रशासन ने भी आश्वासन दिया है कि स्थानीय स्तर पर आने वाली सभी बाधाओं को दूर कर कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

# पीएनबी का रिटेल आउटरीच अभियान सफल, ग्राहकों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** पंजाब नेशनल बैंक के औरंगाबाद मंडल द्वारा 18 अप्रैल को विभिन्न शाखाओं में व्यापक स्तर पर रिटेल आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों तक बैंक की रिटेल योजनाओं को पहुंचाना तथा अधिक से अधिक लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना रहा। इस क्रम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के समीप स्थित एनएमसीएच शाखा में एक विशेष कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सचिव गोविन्द नारायण सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुम, अग्रणी जिला प्रबंधक (रोहतास) एवं जमुहार शाखा प्रबंधक सुजीत कुमार सहित आसपास की शाखाओं के प्रबंधक भी मौजूद रहे। अतिथियों ने ग्राहकों से संवाद कर बैंक की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान टोयोटा एवं टाटा मोटर्स द्वारा अपनी नवीनतम गाड़ियों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया जिससे ग्राहकों को वाहन ऋण योजनाओं की जानकारी व्यावहारिक रूप से मिल सकी। इसके साथ ही पात्र ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए जिससे उनमें खासा उत्साह देखा गया। यह रिटेल आउटरीच अभियान ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने, बैंक की पहुंच बढ़ाने तथा स्थानीय स्तर पर वित्तीय समावेशन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। यह जानकारी पंजाब नेशनल बैंक औरंगाबाद मंडल कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# परशुराम जयंती पर अवकाश की मांग, शहर में प्रतिमा स्थापना का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** शहर में भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई। रविवार को न्यू एरिया मुहल्ला स्थित संगठन के कार्यालय ओझा भवन में आयोजित समारोह की अध्यक्षता अनिल मिश्रा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया को मनाया जाता है। मान्यता है कि उनका जन्म प्रदोष काल में हुआ था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम को अमरत्व का वरदान प्राप्त है और वे सप्त चिरंजीवियों में से एक हैं। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम, ऋषि जमदग्नि और माता रेणुका के पुत्र थे तथा भगवान शिव के परम भक्त माने जाते हैं। भगवान शिव ने उन्हें 'परशु' (फरसा) प्रदान किया था। उन्होंने पृथ्वी को 21 बार अत्याचारियों से मुक्त किया और भीष्म, द्रोणाचार्य तथा कर्ण जैसे महान योद्धाओं के गुरु रहे। यह भी मान्यता है कि वे कलियुग के अंत में भगवान कल्कि के गुरु बनेंगे। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरकार से अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के दिन अवकाश घोषित करने की मांग की। साथ ही शहर में भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की भी मांग उठाई गई। समारोह में सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने बाल विवाह, दहेज प्रथा और नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया तथा बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में अनिल तिवारी, पंकज ओझा, मोनू पांडेय, संतोष पांडेय, श्याम जी तिवारी, परमानंद दूबे, संजीव मिश्रा, प्रेम पाठक, सुरेंद्र चौबे, उमेश दूबे, अजय कुमार, आनंद मिश्रा, दिलीप दूबे, दिग्विजय उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, बिनोद पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# डिहरी में न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा कश्यप हुईं सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल में न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ऋचा कश्यप को अधिवक्ताओं द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की। समारोह के दौरान उमाशंकर पाण्डेय ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच सहयोग एवं विश्वास की भावना बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधिवक्ता समुदाय न्यायिक कार्यों में हरसंभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज पाण्डेय, काजल कुमारी सहित कई अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि न्यायिक दंडाधिकारी के रूप में ऋचा कश्यप का कार्य निष्पक्ष, त्वरित और न्यायसंगत रहा है जिससे समाज में न्यायिक प्रक्रिया के प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ा है। सम्मान प्राप्त करने के बाद ऋचा कश्यप ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय से ही न्याय का वास्तविक स्वरूप सुनिश्चित किया जा सकता है। विशेषज्ञों ने ऋचा कश्यप के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा जिसमें न्याय के क्षेत्र में समर्पण और सेवा के महत्व को रेखांकित किया गया।

# डोम स्वराज संघ ने मनायी बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डोम स्वराज मंच द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन मणिनगर, डिहरी में किया गया जिसमें समाज के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन धनंजय कुमार ने किया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष सुरेश डोम द्वारा बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेश डोम ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में मौलिक अधिकार देकर महिलाओं को सम्मान और समान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए सभी वर्गों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विनोद डोम ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने बताया कि डोम समाज अब शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और 'शिक्षित' से 'सुशिक्षित' बनने की दिशा में अग्रसर है जिससे समाज में आत्मविश्वास, आत्मगौरव और सामाजिक सद्भाव बढ़ रहा है। कार्यक्रम में नरेंद्र, धर्मेंद्र, मनोज, सुनील, घूरा और जितेंद्र सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कार्यपालक पदाधिकारी पर लगे आरोपों की जांच के लिए समिति गठित

## मामला जहानाबाद नगर परिषद का

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** नगर परिषद, जहानाबाद में पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी दीननाथ सिंह के विरुद्ध प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार के संयुक्त निदेशक के पत्र तथा जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के आदेश ज्ञापांक-671/गो. दिनांक 04.04.2026 के आलोक में चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। इस समिति की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गठित जांच समिति को नगर परिषद में हुए कार्यों, वित्तीय लेनदेन और प्रशासनिक निर्णयों की गहन समीक्षा करने का दायित्व सौंपा गया है। समिति आरोपों के प्रत्येक बिंदु की जांच कर अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश के प्रदेश सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी दीपक कुमार गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यपालक पदाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सफाई मद में करोड़ों रुपये की अनियमितता की गई है, वहीं निविदा प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी करते हुए सरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। उनका आरोप है कि बिना विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाए निविदाओं का निष्पादन किया गया जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका और अधिक बढ़ गई है। प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि नगर परिषद के सभापति के प्रोटोकॉल की अवहेलना करते हुए विभिन्न विकास योजनाओं के शिलापट्टों पर उनका नाम अंकित नहीं किया गया जो प्रशासनिक मर्यादा के विपरीत है। इसके अतिरिक्त पटना उच्च न्यायालय के आदेशों की अनदेखी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है जिसे गंभीर विषय माना जा रहा है। दीपक कुमार गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि सभी आरोपों की बिंदुवार और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच प्रक्रिया पूरी होने तक संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए, ताकि जांच की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कड़ी विधिसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रशासन से यह भी आग्रह किया गया है कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अविलंब आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जनहित की रक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही मुख्यमंत्री का ध्यान इस प्रकरण की ओर आकृष्ट करते हुए उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई भी प्रेषित की गई है। इस पूरे प्रकरण को लेकर नगर परिषद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और आम जनता भी जांच के निष्पक्ष एवं पारदर्शी निष्कर्ष की प्रतीक्षा कर रही है।

# हुरका में राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा का अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के हुरका स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में रविवार को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर उपेंद्र कुशवाहा का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समर्थक, स्थानीय कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान शशिरंजन कुमार उर्फ चिंटू सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किए। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार शशि रंजन सिंह के निर्देशन में किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा सदस्य बनने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया और नारों के साथ स्वागत किया गया। उपेंद्र कुशवाहा ने उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने क्षेत्र के विकास, शिक्षा और युवाओं के भविष्य के लिए निरंतर कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मौजूद हुरका पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार उर्फ गोल्डन सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बदहाल सफाई व्यवस्था से ग्रामीण त्रस्त, खुद उठायी झाड़ू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चांद।** प्रखंड के अंतर्गत सिरहीरा पंचायत के वार्ड चार की गलियों में पिछले 10 दिनों से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। इस जलजमाव के चलते स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों का चयन तो किया गया है, परंतु वे कई महीनों से लापता हैं। यही स्थिति प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भी बनी हुई है। अभियान के तहत कचरा उठाव के लिए घरों में डब्बे दिये गये हैं व गाड़ियों की व्यवस्था भी की गयी है। शुरुआत में सफाई कर्मियों ने काफी सक्रिय होकर कार्य किया, परंतु लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनमें निराशा होती गयी। इसी का परिणाम है कि कुछ महीनों पर मानदेय तो मिल जाता है, लेकिन न तो घरों से कचरा उठाव हो रहा है और न ही गलियों की साफ-सफाई की जा रही है। गलियों की स्थिति इतनी खराब हो गयी कि परेशान होकर ग्रामीणों ने खुद सामूहिक रूप से मिलकर सफाई का कार्य किये। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां कई घरों का पानी बहता है, लोग पानी तो बहायेंगे लेकिन नाली साफ नहीं करेंगे। इस अव्यवस्था के चलते बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। यदि जल्द ही सफाई कर्मी काम पर नहीं लौटे तो स्थिति और भी चिंताजनक हो आयेगी।

# दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, महिलाओं समेत छह घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुसौली गांव में खेत में मवेशी चराने से मना करने पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। इसमें महिलाओं समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनियां में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर कर दिया गया। मारपीट में पुसौली गांव निवासी जीतन सिंह, धनंजय सिंह, प्रमिला देवी, आशा देवी, सुदामा सिंह व पवन कुमार शामिल हैं।

# ऑनलाइन के दौर में स्थानीय फर्नीचर पर भरोसा बरकरार, कारीगरों ने बताई गुणवत्ता की अहमियत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** तार बंगाल स्थित सूरज फर्नीचर, ललन सिंह गदर के दुकान में कार्यरत वरिष्ठ कारीगर रामनाथ शर्मा और सुमित शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन बाजार के बढ़ते प्रभाव के बावजूद स्थानीय फर्नीचर दुकानों की अपनी विश्वसनीयता आज भी कायम है। हालांकि ऑनलाइन खरीदारी के कारण फर्नीचर दुकानों में कुछ मंदी जरूर देखी जा रही है, लेकिन गुणवत्ता और भरोसे के मामले में ग्राहक अब भी पारंपरिक दुकानों को प्राथमिकता दे रहे हैं। करीब 15 वर्षों से सूरज फर्नीचर में कार्यरत कारीगर रामनाथ शर्मा ने बताया कि दुकान पर तैयार होने वाले पलंग, सोफा, दीवान और ड्रेसिंग टेबल में लकड़ी की पूरी गारंटी दी जाती है। ग्राहक अपनी पसंद की लकड़ी स्वयं चुन सकते हैं जिससे उन्हें उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर पूरी संतुष्टि मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि फर्नीचर तैयार करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होती है। पेंटिंग से पहले ग्राहकों को फोन कर लकड़ी दिखाई जाती है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसी लकड़ी का उपयोग हो रहा है जिसे ग्राहक ने चुना था। इस प्रक्रिया से ग्राहकों का विश्वास और भी मजबूत होता है।

# दरिहट में दुगोला चैता गायन का महामुकाबला, देर रात तक जमे रहे श्रोता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के दरिहट गांव में शनिवार की रात लोक संस्कृति का अद्भुत नजारा देखने को मिला जब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दुगोला चैता गायन का भव्य आयोजन किया गया। इस महामुकाबले में दो दिग्गज व्यासों के बीच चले सवाल-जवाब ने देर रात तक सैकड़ों श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चैता सम्राट व्यास स्वामी नाथ (बागी, बलिया, उत्तर प्रदेश) और अजीत हलचल (छपरा, बिहार) के बीच का मुकाबला रहा। दोनों कलाकारों ने चैत मास की परंपरा, राम-सीता प्रसंग और समकालीन सामाजिक मुद्दों को अपने गायन में पिरोते हुए एक-दूसरे पर तीखे सवाल दागे। व्यास स्वामी नाथ ने पारंपरिक अंदाज में 'बाबा साहब ले ले जन्मवा...' गाकर समां बांधा, तो वहीं अजीत हलचल ने 'बाबा साहब लिखलन संविधानवा...' गाकर सशक्त जवाब दिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंजता रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर विचार मंच, दरिहट द्वारा किया गया। मौके पर राजद नेता एवं पूर्व विधायक विजय मंडल यादव, जिला पार्षद सदस्य नथुनी पासवान, गुड्डू चन्द्रवंशी, सीमा सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, रामनाथ यादव, अजय सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, मुन्ना यादव, मनोज गुप्ता, मिट्ठू सिंह और हरिद्वार मुखिया समेत कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को फूल-माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नथुनी पासवान ने की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर जयंती के अवसर पर इस तरह के आयोजन से लोक संस्कृति और चैता परंपरा को जीवित रखने में मदद मिलती है। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। समिति के अनुसार मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों व्यासों को अंगवस्त्र, फूल-माला और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन का समापन शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : सदस्य बिहार विधान परिषद, उप निर्वाचन-2026
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय प्राधिकार
Name of the candidate : सोनु कुमार राय

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | **Nature of the offences** | (1) मारपीट जख्मी (2) जालसाजी |
| | b. | Case no. | (1) आरा नगर 416/2016 (2) कोईलवर 78/2015 |
| | c. | Name of the Court | (1) IV अडिसनल जज भोजपुर (आरा) (2) मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी भोजपुर (आरा) |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) हाँ (2) नहीं |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता एम.ए. है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अपने क्षेत्र में कुशल समाजसेवी होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित


CMYK

# ग्लोबल आइकन अवार्ड्स 2026 से सैकड़ों शिक्षक हुए सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ** । स्थानीय टाउन हॉल में ग्लोबल आइकन अवार्ड्स 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सैकड़ों प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ एकेडमी ऑफ ग्लोबल अचीवर्स की चेयरमैन सह चाणक्य फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक एवं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की प्रत्याशी डॉ. दिव्या ज्योति, डॉ. अशोक गगन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

यह आयोजन उन शिक्षकों के सम्मान में समर्पित था, जो शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

अपने संबोधन में डॉ. दिव्या ज्योति ने कहा कि यह धरती केवल ज्ञान की भूमि ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक चेतना का भी केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि नालंदा से उठी आवाज हमेशा पूरे बिहार की दिशा तय करती रही है और अब समय आ गया है कि शिक्षक समाज की आवाज भी यहां से और मजबूत होकर उभरे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा और राजनीति का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि नीति निर्माण के बिना शिक्षा व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है।

डॉ. ज्योति ने अपने संबोधन में विशेष रूप से वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा देने के बावजूद इन शिक्षकों को न तो उचित वेतन मिल रहा है और न ही सेवा सुरक्षा की गारंटी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वित्त रहित शिक्षकों के सम्मान, नियमितीकरण और आर्थिक सुरक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा और इस मुद्दे को प्राथमिकता के साथ सदन में उठाया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने औपचारिक रूप से घोषणा की कि वह पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी का चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और भविष्य की लड़ाई होगा।

इस अवसर पर डॉ. अशोक गगन ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि नालंदा जैसी ऐतिहासिक भूमि से शिक्षा सुधार का संकल्प लेना पूरे राज्य के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शिक्षकों और प्राचार्यों को शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए, जिनमें एकेडमिक एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड, एजुकेटर एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड, नेशन बिल्डर अवार्ड तथा विद्या ज्योति अवार्ड शामिल हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन हेमंत कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. अर्जुन सिन्हा, अजीता पांडेय, डॉ. गुड़िया झा, तुलिका शांडिल्य, वंदन सिंह, ऋतु सिंह, अमरेंद्र पासवान, प्रभात शर्मा, मुकेश सिन्हा, पंकज कुमार, इंजीनियर आशीष सिन्हा, इंजीनियर धीरज कुमार, दिलीप शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# निकली डॉ. अंबेडकर शोभायात्रा, 'जय भीम' के नारों से गूंजा शहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ** । संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को हिसुआ नगर में श्रद्धा और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। 'अंबेडकर शोभायात्रा' के दौरान हजारों की संख्या में जुटे अंबेडकरवादियों ने नीले झंडों और जय भीम के गगनभेदी उद्घोष से पूरे शहर को गुंजायमान कर दिया।

झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र : शोभायात्रा की सबसे खास बात इसमें शामिल महापुरुषों की जीवंत झांकियां थीं। भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले ,महाराजा बिजली पासी ,भगवान बिरसा मुंडा ,एतवा रजवार ,कांशीराम ,संत रविदास ,साहू जी महाराज चंद्रशेखर आजाद रावण और बाबा साहब समेत अन्य के जीवन दर्शन को दशार्ती झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। युवाओं और महिलाओं की टोली हाथों में भारत का संविधान और नीला झंडा थामे समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प दोहरा रही थी।

समतामूलक समाज का संकल्पः शोभायात्रा में शामिल भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी ने कहा, ₹आज की यह भीड़ केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि बाबा साहब के उस सपने को पूरा करने की प्रतिबद्धता है, जिसमें ऊंच-नीच और भेदभाव का कोई स्थान न हो। हम संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित हैं।



शिक्षा ही एकमात्र हथियारः युवाओं को संबोधित करते हुए गौरव गजराज ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के नारे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जो कलम की ताकत हमें दी है, उसी के जरिए हम समाज की मुख्यधारा में मजबूती से खड़े हो सकते हैं।

यात्रा में शामिल उपमुख्य पार्षद टिंकू चौधरी ने सावित्रीबाई फुले का स्मरण करते हुए कहा कि आज की नारी शिक्षित और जागरूक हो रही है, यह बाबा साहब की ही देन है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं का आगे आना अनिवार्य है।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम : हजारों की भीड़ को देखते हुए हिसुआ पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

अन्य वक्ताओं ने कहा यह शोभायात्रा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज के वंचित और शोषित वर्ग की एकजुटता का प्रतीक बनकर उभरी। हिसुआ की सड़कों पर उमड़ा यह कारवां इस बात का प्रमाण है कि बाबा साहब के विचार आज भी करोड़ों दिलों में मशाल की तरह जल रहे हैं।

मौके पार भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राजवंशी, भीम आर्मी नवादा नगर अध्यक्ष बिल्लू चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत चौधरी, हिसुआ नगर उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी ,अशोक चौधरी ,संजय चौधरी ,सुरेश चौधरी ,गौतम चौधरी ,सकलदेव मांझी ,विनोद रविदास ,दिलीप अधिवक्ता ,अरविंद सिंह ,जिला परिषद उमेश यादव ,तुलसी चौधरी ,सुबोध कुमार ,दीनबंधु मांझी ,रामकरण पासवान ,रंजीत चौधरी ,कौशल कुमार, पिंटू पासवान, जोगिंदर राजवंशी, प्रिंस चौधरी, अमन कुमार, संतोष कुमार, चंदन चौधरी, विनय चौधरी , कौशल चौधरी , सकलदेव मांझी ,मुकेश मांझी ,मोहम्मद कलाम ,असगर अली ,मिथुन चौधरी आदि लोग उपस्थित हुए हैं।

## हिसुआ-नवादा रोड पर सड़क हादसा

# एक की मौत, पांच घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । जिले के हिसुआ-नवादा मार्ग पर रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हिसुआ से नवादा की ओर सवारी लेकर जा रहे एक टोटो को विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप वाहन पर मोटरसाइकिलें लोड थीं, जिन्हें शोरूम ले जाया जा रहा था।

टक्कर इतनी भीषण थी कि टोटो में सवार छह लोगों में से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य पांच लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान 60 वर्षीय शिवानंद गुप्ता के रूप में हुई है, जो नवादा थाना क्षेत्र के जसैली गांव निवासी थे। घायलों में महदेव गांव की सुलेखा देवी और नरहट के देवर गांव की रेणु देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। अन्य तीन घायलों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें हिसुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद घर भेज दिया गया। सूचना मिलते ही हिसुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य चलाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

## सत्संग आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। संत निरंकारी मिशन शाखा राजगीर में रविवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सत्संग के दौरान ह्लएक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया।संबोधित करते हुए सूर्यमणि बहन ने कहा कि समय के सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज रहबर के रूप में धरती पर अवतरित होकर मानव समाज को सही दिशा दिखा रही हैं।

अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि मानव मिट्टी का पुतला है और इस संसार में परमपिता परमात्मा ने हमें कर्म करने के लिए भेजा है। गीता के संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करिए तस ही फल चाखा– यह संसार कर्म पर आधारित है, लेकिन लोगों ने इसे धर्म प्रधान बना दिया है, जो उचित नहीं है।

## परीक्षा में बेहतर करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। रविवार को पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साप्ताहिक परीक्षा में बेहतर करने वाले बच्चों को सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रदीप कुमार के हाथों सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चे हबीबा, अमृता, जैनब, रूही, मुज्जमिल आदि को पुरस्कृत किया गया। डिप्टी कमांडेंट ने बच्चों को कहा कि खेल- खेल में एवं गतिविधियों के माध्यम से सीखें। हर हमेशा सकारात्मक सोच रखें। कहा कि नियमित रूप से विद्यालय आएं। गृह कार्य प्रत्येक दिन बनाएं। कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है। इस कारण अनुशासित रहें। इस बीच विद्यालय के बच्चों ने उनसे कहा कि विद्यालय में ओएमआर के माध्यम से परीक्षा ली जाती है।

# प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज,नवादा।** भारत की जनगणना - 2027 को लेकर रविवार को नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण इंटर विद्यालय नारदीगंज में शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में चतुर्थ व पंचम बैच के जनगणना कर्मियों को मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया करने के बारें में जानकारी दी जा रही है। आगामी दो मई 2026 से प्रगणक के माध्यम से मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया होना है। प्रशिक्षक में मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार, प्रशिक्षक राकेश कुमार,पंकज कुमार व रवि रंजन कुमार के माध्यम से जनगणना करने की जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि आप सभी आपसी तालमेल कर जनगणना कार्य करेंगे। प्रथम दिवस पर उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना अधिनियम एवं परिभाषाओं तथा एचएलओ व एचएलबी के बारे में पूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 85 जनगणना कर्मियों को शामिल किया गया है। मौके पर प्रगणक दीपक कुमार, अशोक कुमार, कौशल पांडेय समेत अन्य रहे हैं।

# लूट के एक लाख रुपये बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में हुई लूट की एक घटना का पुलिस ने महज पांच दिनों के भीतर सफल उद्भेदन करते हुए लूटे गए एक लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। इस कार्रवाई से जिले में पुलिस की तत्परता और सक्रियता एक बार फिर सामने आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 अप्रैल 2026 को वादी कौशलेंद्र कुमार, निवासी ग्राम कुंभी, थाना वारिसलीगंज, जिला नवादा ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक, वारिसलीगंज से एक लाख रुपये की निकासी की थी। पैसे लेकर घर लौटने के दौरान महिला कॉलेज के पास, वारिसलीगंज से लगभग 30 मीटर पहले, मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात अपराधियों ने अचानक उन्हें रोक लिया और धक्का देकर उनके पास रखे पैसे छीनकर फरार हो गए।

घटना के बाद वारिसलीगंज थाना में कांड संख्या 256/26 दर्ज कर भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें वारिसलीगंज थाना पुलिस एवं तकनीकी टीम को शामिल किया गया।

जांच के क्रम में पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन विश्लेषण किया। साथ ही तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से अपराधियों की पहचान की गई। जांच के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान अमन यादव एवं मोनू यादव, निवासी ग्राम शेखोपुरा, थाना कादिरगंज के रूप में हुई।

इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान मोनू यादव के घर से अलमारी में रखे पैंट से लूटे गए एक लाख रुपये बरामद कर लिए गए। हालांकि, दोनों आरोपी मौके से फरार पाए गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस सफलता से नवादा पुलिस की कार्यशैली और अपराध नियंत्रण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। जिलेवासियों ने भी इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# विधि-व्यवस्था व भ्रष्टाचार नियंत्रण को ले डीएम-एसपी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की ।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान लंबित मामलों, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति एवं अपराध नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की गई।




जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने एवं आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आरटीपीएस केंद्र, सदर अस्पताल, निबंधन कार्यालय, माइनिंग एवं पीडीएस दुकानों पर छापेमारी कर दलालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिया। साथ ही जन शिकायत निवारण शिविरों में आने वाले लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं राजस्व मामलों के लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर भी बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने, गश्ती व्यवस्था सुदृढ़ करने और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा नालंदा मंडल ने मनाई परशुराम जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। भाजपा नालंदा मंडल द्वारा परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित होकर भगवान परशुराम जी के प्रति अपनी आस्था एवं श्रद्धा प्रकट किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने भगवान परशुराम जी से प्रार्थना की कि वे सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा बिहार राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा सुधीर कुमार, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, मंडल पदाधिकारी भूषण , सफेद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि स्पेंदु कुमार , पिंटू कुमार, रोशन कुमार, कौशल किशोर , विमल , मिथिलेश प्रसाद, डोनाल्ड कुमार, रंजीत कुमार, प्रज्ञा, सुषमा , ममता कुमारी एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों एवं राष्ट्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# जन सुराज के जिलाध्यक्ष बने त्रिवेणी सिंह, महिलाध्यक्ष बनीं सुलेखा कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । जिले के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रविवार को जन सुराज पार्टी की जिला सलाहकार समिति और जिला एकल पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने नव नियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी की। इस दौरान मनोज भारती ने नवादा के नए जिलाध्यक्ष के रूप में त्रिवेणी सिंह, महामंत्री सरयू प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष ललन शर्मा, महिला अध्यक्ष सुलेखा कुमारी, मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह, सरस्वती देवी सहित अन्य पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को पुष्प माला पहनाकर पदभार ग्रहण करवाया गया। जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने कहा कि जिले में जन सुराज को गांव-गांव, पंचायत स्तर पर मजबूत करेंगे। वर्तमान में जन सुराज ही विपक्ष के रूप में जनता के सामने दिख रही है, हम जनता के दिलों में जरूर हैं, हम जनता के बीच रहकर जनता के मुद्दों को उठाएंगे।




इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि नालंदा क्षेत्रीय कोर कमिटी की अनुशंसा के आधार पर नवादा जिला की सलाहकार समिति एवं जिला एकल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष ने नियुक्त तमाम पदाधिकारियों को बधाई दी। साथ ही सभी जिला एकल पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी दी कि पार्टी के विस्तार के लिए 15 दिनों में अपनी जिला कमिटी की सूची क्षेत्रीय कमिटी को सौंपे। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन, डॉ मधुकर कुमार, अजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कमल किशोर बिंदु, अशोक कुमार सिंह, राधा देवी, पृथ्वीराज बसंत, मो. हैदर साकिब को जिला सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, महामंत्री सरयू प्रसाद कुशवाहा, कोषाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी ललन शर्मा, महिला अध्यक्ष सुलेखा कुमारी, युवा अध्यक्ष नीरज कुमार, किसान अध्यक्ष मुकेश कुमार बब्लू, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉक्टर रविन्द्र प्रसाद सिंह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राहुल कुमार, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, अंबेडकर मंच अध्यक्ष देवराज पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष हाजी जुबैर आलम, मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश प्रसाद सिंह, सरस्वती देवी को मुख्य प्रवक्ता का पदभार सौंपा गया।

# सवर्ण महिला मंच की स्थापना कर महिलाओं ने दिखाई ताकत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । शहर में आज एक नए सामाजिक संगठन ह्यसवर्ण महिला मंचह्व की औपचारिक स्थापना की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जहां एकजुटता, जागरूकता और सशक्तिकरण का स्पष्ट संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मधु सिन्हा और डॉ. चंद्र भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद मंच से वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संगठन के माध्यम से सामाजिक समरसता और आपसी सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया।

इस आयोजन का संचालन खुशबू सिन्हा, बंटी सिंह और गौरी रानी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान ह्लसवर्ण महिला करे पुकार, बिहार में एकता हो इस बारह्व का नारा गूंजता रहा, जिसने माहौल को ऊजार्वान बना दिया। आयोजन को सफल बनाने में पुष्पा देवी, वर्षा रानी, राजकुमारी, संगीता कुमारी, एडवोकेट रेखा, बेबी देवी, महारानी, नूतन और वीणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी सहयोगकर्ताओं ने कार्यक्रम को व्यवस्थित और प्रभावी बनाया। समापन सत्र में सभी अतिथियों एवं सहयोगकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह मंच भविष्य में महिलाओं को संगठित कर सामाजिक कार्यों और जागरूकता अभियानों को गति देगा।

## जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान

**नवादा** । चर्चित शिक्षण संस्थान जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों में छात्रों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। परीक्षा परिणामों में कई छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई। इनमें सत्यम कुमार ने 79.4%, दीपा कुमारी ने 93.8%, सलोनी भारती ने 92.8%, रवि प्रकाश ने 92.4%, राज नंदनी ने 92% और रंजन कुमार ने 91.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आर.पी. शाहू ने बताया कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ नियमित टेस्ट, विशेष कक्षाएं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

## मनाया गया सतर्कता दिवस

नवादा ।जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व बाल विवाहों की रोकथाम के लिए काम कर रहे संगठन तटवासी समाज न्यास ने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाहों की रोकथाम के लिए सतर्कता दिवस मनाया। इसमें पंचायत प्रतिनिधि व आशा यूनिटों ने भी सहयोग दिया और जिले में बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दोहराया। तटवासी समाज न्यास जिला प्रशासन, पंचायतों, स्कूलों और धर्मगुरुओं के साथ मिलकर नवादा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए स्कूलों, पंचायतों और गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और जिले में हजारों लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। संगठन खास तौर से बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील अक्षय तृतीया जैसे मौकों पर प्रशासन व सरकार के सहयोग से इसकी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाता रहा है। तटवासी समाज न्यास देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है।

# ज्ञान विज्ञान समिति का 12वां जिला सम्मेलन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । ज्ञान विज्ञान समिति का 12 वां नवादा जिला सम्मेलन रविवार को प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा के सभा कक्ष में संपन्न हुआ । सम्मेलन की अध्यक्षता अध्यक्ष मंडल के साथी समिति के उपाध्यक्ष पुष्पा कुमारी और भोला ने की। जबकि वामपंथी नेता सह ज्ञान विज्ञान समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रो नरेशचंद्र शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए प्रो नरेशचंद्र शर्मा ने ज्ञान विज्ञान समिति के स्थापना से लेकर अब तक के संघर्षों का ऐतिहासिक स्वरूप पेश किया। उन्होंने भोपाल गैस त्रासदी के उत्पन्न परिस्थितियों से समिति के संघर्ष गाथा को जोड़ते हुए वर्तमान में इसकी भूमिका और औचित्य पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की । खासकर मानवीय चेतना के चहुमुखी विकास के लिए किए जाने वाले समस्त प्रयासों को ज्ञान विज्ञान और कला जत्था का वास्तविक प्रयास बताया । पुष्पा कुमारी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सन 1992 में महिलाओं के लिए चलाए गए अभियानों से परिचित कराया और कहा कि उस समय लड़कियां साइकिल चलाना सोच भी नहीं सकती थी लेकिन समिति के प्रयास से जत्थे में निकल कर लड़कियां साइकिल चलाना सीखने लगी । समिति के सचिव ने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया ।



उद्बोधन सत्र में दर्जनों वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ने की कवायद पर जोर दिया । सांगठनिक सत्र में नए कार्यकारणी का विधिवत चुनाव किया गया जिसमें भोला शंकर वर्णवाल को अध्यक्ष, राकेश कुमार विभूति को सचिव , अनिल प्रसाद सिंह को उपाध्यक्ष , पुष्पा कुमारी को सहसचिव और भगीरथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया ।इसके अलावी अवधेश कुमार , अशोक समदर्शी, रेणु कुमारी, राजकुमारी दिनेश अकेला, विनीता कुमारी समेत 15 लोगों को कार्यकारणी सदस्य बनाए गए वक्ताओं में अशोक समदर्शी , अवधेश कुमार, राजकुमारी देवी, अनिल प्रसाद, मथुरा पासवान, चंदेश्वर प्रसाद , दिनेश कुमार अकेला आदि शामिल थे

# गया में बागेश्वरी गुमटी पर रेल ओवरब्रिज निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के बहुप्रतीक्षित बागेश्वरी गुमटी रेलवे क्रॉसिंग संख्या 71 ए पर रेल ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर प्रशासनिक सक्रियता तेज हो गई है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की पहल पर विगत दिनों गया परिषद में आयोजित बैठक में इस महत्वपूर्ण परियोजना सहित शहर की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई थी। इस बैठक में गया सदर अनुमंडल पदाधिकारी, नगर पुलिस उपाधीक्षक तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे थे जहां बागेश्वरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, नगर पुलिस उपाधीक्षक, पुल निर्माण निगम के अभियंता तथा विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने बागेश्वरी गुमटी स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित रेल ओवर ब्रिज निर्माण से जुड़े विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। विशेष रूप से रूट डायवर्सन योजना को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया, ताकि निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो। पुल निर्माण निगम के अभियंता ने जानकारी दी कि इस रेल ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 9016.60 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। प्रस्तावित पुल की लंबाई 645.073 मीटर तथा चौड़ाई 7.50 मीटर होगी, जो दो लेन के रूप में विकसित किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार रूट डायवर्सन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होते ही निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के प्रारंभ कर दिया जाएगा। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान भरोसा दिलाया कि आवश्यक औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा जिससे परियोजना समय पर पूरी हो सके। बागेश्वरी गुमटी पर रेल ओवर ब्रिज बनने से गया रेलवे स्टेशन की ओर से रामशिला और प्रेतशिला जाने वाले पर्यटकों, पिंडदान करने आने वाले श्रद्धालुओं तथा स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। इससे आवागमन सुगम और सुरक्षित होगा जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में भी व्यापक सुधार आएगा। इस परियोजना के शीघ्र शुरू होने की संभावना से स्थानीय लोगों में उत्साह और खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि गया शहर में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है जिसमें विष्णुपद कॉरिडोर, सड़कों का चौड़ीकरण, रेलवे स्टेशन का विस्तार तथा प्रस्तावित मेट्रो परियोजना जैसे कार्य शामिल हैं। स्थल निरीक्षण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि राजनंदन प्रसाद गांधी, राकेश कुमार (सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ), शंभू यादव, शिवनारायण सिंह, शैलेश सिंह सहित कई स्थानीय समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस परियोजना को गया शहर के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसके शीघ्र क्रियान्वयन की अपेक्षा जताई।

# अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में मगध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दिखाया जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** गत माह बिहार दिवस के अवसर पर पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में 22 से 24 मार्च 2026 तक आयोजित त्रिदिवसीय बिहार दिवस 2026 अंतर विश्वविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में मगध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अन्य चार विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों को पराजित करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया और चैंपियनशिप जीती। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही के आदेशानुसार 17 अप्रैल 2026 को कुलपति आवास पर चैंपियनशिप विजेता टीम सम्मान समारोह के रूप में उत्सव मनाया गया। बताते चलें कि संपूर्ण बिहार दिवस 2026 कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बी के मंगलम रहे तथा मगध विश्वविद्यालय के शिक्षकों डॉ मीनाक्षी, डॉ एकता वर्मा, डॉ कविता कुमारी, डॉ वंदना कुमारी, डॉ विनीता कुमारी, डॉ श्वेता गोयल, डॉ जन्मेजय सिंह, डॉ वंदना कुमारी, राकेश कुमार, डॉ ममता मेहरा, डॉ दीपशिखा पांडे, डॉ पंकज भारती एवं अन्य के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति हेतु मेंटरिंग प्रदान कर तैयार किया गया था। इन सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षित कलाकार न होते हुए भी अपनी कला का सर्वोत्तम प्रदर्शन किया। अलग-अलग विधाओं में कुल 14 प्रतियोगिताएं हुईं जिनमें 8 में मगध विश्वविद्यालय के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद्यवृंद प्रतियोगिता में कुंदन कुमार (बांसुरी), ईशान (मेलोडिका और मेंडोलिन),अमर कुमार (की-बोर्ड) हर्ष कुमार (तबला) वैभव सोनी (ढोलक) ने भाग लिया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। लघु नाटक प्रतियोगिता में सौरव कुमार, इस्तियाक आलम, वैष्णवी कुमारी, रौशन कुमार, सुनील कुमार, सृष्टि कुमारी, सानिया कुमारी, नेहा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चांदनी कुमारी ने सुगम संगीत में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में अंग्रेजी भाषा के लिए उरूज तौकीर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वाद विवाद प्रतियोगिता में हिंदी भाषा के लिए गुड़िया रानी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। एकल अभिनय में प्रभात कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एकल लोकनृत्य में प्रिया सिंह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# साइकिल सवार की गोली मार कर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** परैया थाना क्षेत्र में अपराधियों ने साइकिल सवार की गोली मार कर हत्या कर दी। रामडीह और उपरोहली के बीच खारपर के पास घटना हुई है। मृतक की पहचान छक्कन बिगहा निवासी अवधेश शर्मा (45) के रूप में हुई है। अवधेश किसी काम से साइकिल से परैया बाजार गए थे। दोपहर में जब वो वापस घर लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें अपना निशाना बना लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक पर सवार अपराधी काले रंग के गमछे से चेहरा ढंके हुए थे। जैसे ही अवधेश खारपर के पास पहुंचे, उनकी कनपट्टी पर पिस्टल सटा दी और गोली चला दी। गोली लगते ही अवधेश सड़क पर गिर पड़े। कुछ ही क्षण में उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परैया थानाध्यक्ष सुनीता कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। खास बात यह रही कि पुलिस महज 7 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार मृतक अवधेश शर्मा का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उनके खिलाफ हत्या के मामले दर्ज थे और वह पहले जेल भी जा चुके थे। ऐसे में पुलिस इस हत्याकांड को आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी से जोड़कर देख रही है। घटना की जानकारी मिलते ही टिकारी पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। परिवार के लोग अभी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं, लेकिन पुलिस अपने स्तर से अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में दहशत फैल गई है।

# जनगणना की तैयारी तेज, प्रगणक-पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## 2 से 31 मई तक होगी परिवार गणना व नक्शा निर्माण, मुख्य जनगणना फरवरी 2027 में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रखंड सभागार में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के लिए तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार से शुरू हो गया। यह प्रशिक्षण 19 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र में जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि 2 मई से 31 मई 2026 तक परिवार गणना एवं नजरिया नक्शा तैयार करने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद मुख्य जनगणना कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को घर-घर जाकर आंकड़ा संग्रह करने, सटीक जानकारी दर्ज करने तथा क्षेत्रवार नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्य के दौरान सावधानी और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को गंभीरता से लें और आगामी जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ संपन्न करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रंजीत कुमार, मनोज मंजिल, राजेश कुमार, नेहा कुमारी, शौकत अली, प्रभाकर सिंह, अमित कुमार, सुधीर कुमार, सुधा रानी, अर्चना कुमारी, दिलीप कुमार, सुमंत कुमार, सुभाष कुमार एवं ज्योति कुमारी सहित कई प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# पेड़ कटाई को लेकर आज 6 घंटे विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** गोह ग्रिड से आंती ग्रिड को जाने वाली 33 केवीए बिजली लाइन में सोमवार को पेड़ कटाई कार्य के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्रभावित रहेगी। इस संबंध में कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि लाइन के किनारे लगे पेड़ों की कटाई एवं साफ-सफाई के कार्य को लेकर यह शटडाउन लिया जा रहा है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान असुविधा से बचने के लिए आवश्यक तैयारी कर लें।

# राष्ट्रकवि दिनकर की स्मृति में 16 और 17 मई को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मां निर्दोष सेवा केंद्र एवं हिंदी विभाग, गया कॉलेज, गया जी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की स्मृति में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 16 एवं 17 मई 2026 को गया कॉलेज स्थित प्रेमचंद्र सभागार में किया जाएगा। संस्था के सचिव इं. हिमांशु शेखर ने बताया कि दिनकर के व्यक्तित्व और उनकी रचनाओं पर इस संगोष्ठी में जगजीवन महाविद्यालय गयाजी, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। श्री शेखर ने बताया कि इस तरह का आयोजन संस्था पिछले डेढ़ दशक से मनाती आ रही है। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित नेता, साहित्यकार, विद्वान एवं शोधार्थी भाग लेंगे और राष्ट्रकवि दिनकर के साहित्यिक अवदान पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को साहित्य के प्रति प्रेरित करने और उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन समिति के सदस्य एवं रामेश्वर प्रसाद उच्च विद्यालय, बेलागंज के प्राचार्य अबरार आलम ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से अनेक ख्यातिप्राप्त कवियों की सहभागिता के लिए सहमति प्राप्त हो चुकी है। आयोजन समिति के सदस्य डॉ रुद्र चरण मांझी ने कहा कि इस वर्ष शोधार्थियों के शोध पत्र को यूजीसी से मान्यता प्राप्त पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। सभी शोधार्थी अपने शोध पत्र समिति के पास भेजेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्रों के बीच राष्ट्रकवि दिनकर द्वारा रचित कविताओं का पाठ भी कराया जाएगा जिससे नई पीढ़ी को उनके साहित्य से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों एवं बुद्धिजीवियों से इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# टॉप-5 में जगह बना अभिषेक कुमार हुए सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के सभागार में रविवार को आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, दक्षिण बिहार प्रांत के तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें 'भारत बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा 2026' के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोंच प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भीखनपुर, पंचायत कोराप निवासी राकेश कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-5 में स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की दिशा पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं छात्रों के बौद्धिक विकास को नई दिशा देती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। सम्मान समारोह के दौरान अभिषेक कुमार की इस उपलब्धि की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर कई गणमान्य लोग, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इधर उनकी सफलता पर उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन ने बधाई दी है।

# सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर पटना पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह एवं फूलों का बुके भेंट कर शुभकामनाएं और बधाई दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि संगठन में एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने से लेकर उपमुख्यमंत्री के रूप में जनता के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाने तक, सम्राट चौधरी ने हमेशा जनसेवा को प्राथमिकता दी है। उनकी लोकप्रियता, संघर्षशील व्यक्तित्व और संगठन के प्रति निष्ठा का ही परिणाम है कि आज उन्हें बिहार के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। उन्होंने आगे कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और सुरक्षा के नए आयाम स्थापित करेगा। राज्य में अपराध पर कठोर नियंत्रण होगा और बिहार अपराध मुक्त राज्य के रूप में नई पहचान बनाएगा। डॉ. मिश्रा ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में युवाओं को रोजगार, किसानों को सम्मान, महिलाओं को सुरक्षा तथा गरीबों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने भाजपा पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस विश्वास को मुख्यमंत्री पूरी ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ निभाएंगे। अंत में डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं देते हुए बिहार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गया में फायर ब्रिगेड ने किया मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत फायर ब्रिगेड की टीम ने अपनी तैयारी और क्षमता का दम दिखाया। काशीनाथ मोड़ के पास एपीआर मॉल में मॉक ड्रिल कर आग से निपटने की पूरी प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। इस दौरान टीम की तत्परता, रिस्पॉन्स टाइम और तकनीकी क्षमता को परखा गया। अग्निशमन अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि हर साल 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह 1944 में मुंबई बंदरगाह पर लगी आग में जान गंवाने वाले बहादुर अग्निशमन कर्मियों की याद में मनाया जाता है। मॉक ड्रिल के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने हाइड्रोलिक मशीन का इस्तेमाल किया। यह मशीन हाल ही में गयाजी को मिली है और इसे आधुनिक तकनीक से लैस बताया जा रहा है। अभ्यास के दौरान टीम ने दिखाया कि कैसे ऊंची इमारतों में फंसे लोगों को तेजी से रेस्क्यू किया जा सकता है और आग पर काबू पाया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि यह हाइड्रोलिक मशीन करीब 22 मीटर ऊंचाई तक पहुंचने में सक्षम है। यानी बहुमंजिला इमारतों में भी यह आसानी से काम कर सकती है। इससे न सिर्फ लोगों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि आग पर भी तेजी से काबू पाया जा सकता है। मॉक ड्रिल के दौरान पूरी फायर ब्रिगेड टीम मौके पर मौजूद रही। हर एक तकनीकी पहलू को बारीकी से जांचा गया। टीम ने अलग-अलग परिस्थितियों में काम करने का अभ्यास किया, ताकि असली घटना के समय कोई चूक न हो। इस अभ्यास के जरिए यह साफ संदेश दिया गया कि फायर ब्रिगेड की टीम हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। साथ ही लोगों से भी अपील की गई कि आग लगने की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

# शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, फसल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के अदोपुर गांव में रविवार दोपहर आग लगने से वार्ड सदस्य पिंटू यादव के गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। इस घटना में लगभग 10 कट्ठा जमीन में लगी फसल पूरी तरह राख हो गई। पीड़ित पिंटू यादव (पिता- कमलेश यादव) ने बताया कि बांस बल्ले के सहारे ले जाया गया एलटी लाइन में शॉर्ट सर्किट होने के कारण निकली चिंगारी खेत में गिर गई जिससे आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं जिसे देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी व अन्य साधनों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# सीएसपी से दो लाख लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** इमामगंज के पाकरडीह में दिनदहाड़े सीएसपी लूट कांड हुई थी। हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से दो लाख से अधिक की रकम लूट ली गई थी। घटना को अंजाम देकर अपराधी बाइक से फरार हो गए थे, लेकिन अब पुलिस ने इस कांड में शामिल तीन बदमाशों को दबोच लिया है। इमामगंज थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस को सफलता मिली और तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से लूट की रकम में से 3500 रुपए और एक पिस्तौल बरामद किया गया है। इमामगंज के एसडीपीओ कमलेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में मृत्युंजय पासवान, बिंदु पासवान और राहुल पासवान शामिल हैं। इनमें मृत्युंजय पासवान इस पूरे कांड का मास्टरमाइंड है। हालांकि वारदात के समय वह मौके पर मौजूद नहीं था, लेकिन दूर बैठकर पूरी घटना को वह ऑपरेट कर रहा था। पुलिस ने तीनों को मनिहारी बिश्रामपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि लूट की पूरी रकम आपस में बांट ली गई थी। इसके बाद पैसे को नशा और अन्य मदों में खर्चों में उड़ा दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपी पहले से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इनके खिलाफ अलग-अलग थानों में लूट और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास को भी खंगाल रही है। खास बात यह रही कि छापेमारी के दौरान पुलिस के हत्थे कुछ और आरोपी भी चढ़ गए जो पहले से फरार चल रहे थे। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गिरोह के और कितने सदस्य सक्रिय हैं।

# बाइक की टक्कर से घायल राहगीर की मौत, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी कुर्था मुख्य पथ स्थित संडा पेट्रोल पंप के समीप बाइक की टक्कर से घायल राहगीर की मौत हो गई। घटना रविवार की अहले सुबह घटित हुई। मृतक की पहचान संडा ग्राम निवासी 55 वर्षीय मुरारी प्रजापत के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मुरारी प्रजापत रविवार की सुबह सड़क किनारे टहल रहे थे इसी दौरान तेज गति से आ रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर बाइक मुरारी से टकरा गयी। टक्कर में मुरारी गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से मुरारी को अस्पताल भेजा गया। गया स्थित मगध मेडिकल अस्पताल में मुरारी ने दम तोड़ दिया। मौत हो जाने की सूचना स्वजनों को जैसे ही मिली घटना के आक्रोश में सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर जाम हटवाया। मउ एसएचओ पीयूष कुमार जायसवाल ने बताया कि दुर्घटना को अंजाम देने वाली बाइक को जब्त कर लिया गया। पोस्टमार्टम करा कर शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

# अनुमण्डल प्रशासन से स्वीकृति मिलने के बाद भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** इंडेन गैस के प्लांट से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति मांग से कम होने के कारण शादी विवाह में भोज की तैयारी पर ग्रहण लग गया है। टिकारी स्थित मां अम्बे इंडेन गैस एजेंसी में मांग से कम आपूर्ति होने के कारण अनुमण्डल प्रशासन से स्वीकृति मिलने के बाद भी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। जानकारी हो कि मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के कारण रसोई गैस की हुई किल्लत को लेकर सरकार द्वारा शादी विवाह में उपयोग करने के लिए कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के लिए अनुमण्डल प्रशासन से स्वीकृति अनिवार्य कर दी है। जांच पड़ताल के उपरांत अनुमण्डल प्रशासन द्वारा गैस एजेंसी को गैस सिलेंडर की आपूर्ति के लिए पत्र तो जारी कर दिया जा रहा है, लेकिन एजेंसी को प्लांट से आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को गैस सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है। नतीजतन शादी विवाह वाले घर में भोजन की तैयारी पर ग्रहण लग रहा है। मां अम्बे इंडेन गैस एजेंसी के प्रबन्धक ब्रजेश कुमार ने बताया कि अब तक 200 से अधिक कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की मांग आ चुकी है। शनिवार को मात्र 48 कॉमर्शियल सिलिंडर एजेंसी को मिला जो खत्म हो गया। सोमवार को विवाह लगन अधिक है इस कारण रविवार को और अधिक कॉमर्शियल सिलेंडर की मांग की गई थी जिसकी आपूर्ति नहीं की गई जिसके कारण स्वीकृति आदेश के बावजूद लोगों को गैस उपलब्ध नहीं हो रहा है।

**गोदाम पर उपभोक्ताओं के पहुंचने से हो रही आपूर्ति में परेशानी**

नियम के अनुसार एजेंसी के गोदाम पर किसी भी उपभोक्ता को घरेलू रसोई गैस नहीं देने का प्रावधान है। इसके बावजूद एजेंसी के डुमरसन स्थित गोदाम पर प्रतिदिन उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जुट रही है। उपभोक्ताओं के दवाब में आकर एजेंसी कर्मियों को गोदाम पर गैस की डिलीवरी देनी पड़ रही है। गैस की आपूर्ति गोदाम से ही हो जाने के कारण इसका सीधा असर होम डिलीवरी पाने वाले उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। एजेंसी के प्रबन्धक ने बताया कि घरेलू गैस की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है, लेकिन गोदाम पर ही उपभोक्ताओं के जुट जाने के कारण होम डिलीवरी के लिए जाने वाले वेंडर को समय से गैस सिलिंडर नहीं मिल रहा है।

# लूट मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना पुलिस ने लूट के मामले में वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने आरोपी को उसके घर से दबोच लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चंदन कुमार, पिता सुभाष यादव, ग्राम जोगी बिगहा थाना, नालंदा के रूप में हुई है। वह खिजरसराय थाना कांड संख्या 221/22, 24 जून 2022 में नामजद था। इस मामले में उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 392 (लूट) और 411 (चोरी की संपत्ति रखना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। आखिरकार रविवार को कार्रवाई करते हुए उसे उसके पैतृक घर से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

संपादकीय

# भारत : जीडीपी की गिरती रैंकिंग

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की घटती रैंकिंग अस्थायी भले हो, लेकिन देश की आर्थिकी के लिए चेतावनी जरूर है। इसका मोदी सरकार को कुछ राजनीतिक नुकसान जरूर हो सकता है, क्योंकि सरकार ने भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, इसको लेकर बहुत ढोल बजाए थे। लेकिन डॉलर के मुकाबले रूपए के घटते मूल्य ने हमे सीधे चौथे से छठे स्थान पर पहुंचा दिया है। संतोष की बात इतनी है कि ने भारत की आर्थिक विकास की रफ्तार को कम नहीं आंका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अप्रैल 2026 के 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' के आंकड़ों के अनुसार, भारत जीडीपी रैंकिंग में 4थे स्थान से फिसलकर छठे पायदान पर आ गया है।

इस गिरावट के प्रमुख कारण और तथ्य इस प्रकार हैं:

आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 3.92 ट्रिलियन (अनुमानित) रहा, जिससे ब्रिटेन (4 ट्रिलियन डॉलर) और जापान (4.44 ट्रिलियन डॉलर) उससे आगे निकल गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जीडीपी में यह गिरावट मुख्यतः सांख्यिकीय है, न कि आर्थिक सुस्ती। इसके पीछे मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की कमजोरी, डॉलर की मजबूती और आधार वर्ष में संशोधन प्रमुख कारण हैं। भारत के लिए संतोष का विषय यह है कि जीडीपी रैंकिंग गिरने के बावजूद, भारत 6.5% से 7.6% की विकास दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। ऐसे में भविष्य का अनुमान है कि कि भारत 2027 तक 4था स्थान और 2031 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान फिर से हासिल कर सकता है। संक्षेप में कहें तो रुपया कमजोर होने से डॉलर के टर्म में हमारी इकॉनमी का साइज छोटा दिखा है, लेकिन वास्तविक विकास अभी भी मजबूत है। हालांकि कुछ लोग इसे डेटा में हेराफेरी भी मान रहे हैं। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आईएमएफ के अनुमानों के मुताबिक, भारत की जीडीपी 2025 में लगभग 3.92 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी, जो 2024 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर थी। यह मजबूत घरेलू मांग और निरंतर आर्थिक गति के समर्थन से मजबूत नाममात्र वृद्धि को दर्शाता है। गौरतलब है कि आईएमएफ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में रैंक करता है, जिसका अर्थ है कि स्थानीय मुद्रा जीडीपी को प्रचलित विनिमय दरों का उपयोग करके परिवर्तित किया जाना चाहिए। इससे वैश्विक रैंकिंग निर्धारित करने में मुद्रा की गति एक महत्वपूर्ण कारक बन जाती है। पिछले एक वर्ष में, भारतीय रुपया 2024 में लगभग 84.6 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरकर 2025 में लगभग 88.5 रुपये प्रति डॉलर हो गया है, और इसमें और अधिक कमजोरी आने की उम्मीद है। इस बदलाव का एक अन्य महत्वपूर्ण कारक भारत के जीडीपी के आधार वर्ष और कार्यप्रणाली में संशोधन है। इस वर्ष की शुरुआत में सरकार ने आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक उत्पादन अनुमानों का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ा। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 के लिए नाममात्र जीडीपी को पुरानी श्रृंखला के तहत 357 ट्रिलियन रुपये से घटाकर नई श्रृंखला में 345.5 ट्रिलियन रुपये कर दिया गया है। यह अंतर महत्वपूर्ण है, क्योंकि डॉलर मूल्यों पर आधारित वैश्विक रैंकिंग अक्सर किसी अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित ताकत को छिपा सकती है। हालांकि आगामी वर्षों में रैंकिंग में भारत की स्थिति सुधर सकती है। देश के 2026 में छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो अभी भी ब्रिटेन के अनुमानित 4.26 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा कम है।

# लाल गलियारे का अंत: शाह की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने रची सुरक्षा की नई इबारत

**आज झारखंड का 'बूढ़ा पहाड़' हो या छत्तीसगढ़ का 'अबूझमाड़', इन क्षेत्रों की पहचान अब आतंक के बजाय प्रगति से होने लगी है। अमित शाह ने सुरक्षा बलों, राज्य सरकारों और खुफिया एजेंसियों के बीच जिस तरह का समन्वय स्थापित किया, वह प्रशासनिक कौशल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने 'यूनिफाइड कमांड' के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज किया, जिससे ऑपरेशन की सटीकता बढ़ी और सुरक्षा बलों के हताहत होने की दर में भारी कमी आई। अमित शाह का योगदान आधुनिक भारत के निर्माण में एक ऐसे सेनापति के रूप में देखा जाएगा जिसने देश की आंतरिक एकता को खंडित करने वाली सबसे बड़ी शक्ति को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल नक्सलियों को हराया है, बल्कि उन लाखों लोगों के मन में विश्वास जगाया है जो दशकों तक डर और अभाव के साये में जीने को मजबूर थे।**

**भारत भूषण अरजरिया**

भारत की आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में यदि किसी एक समस्या ने दशकों तक देश की प्रगति को बाधित किया और हजारों निर्दोषों का लहू बहाया, तो वह नक्सलवाद था। एक समय ऐसा भी था जब तत्कालीन सरकारों ने इसे देश के लिए 'सबसे बड़ा खतरा' स्वीकार किया था, लेकिन इसके समाधान के लिए वह ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई थी जो आज नजर आ रही है। आज जब हम 2026 के मुहाने पर खड़े हैं, तो भारत के नक्शे से 'लाल गलियारे' का सिकुड़ता दायरा और बस्तर के जंगलों में गूंजती शांति इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने इस नासूर को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया है।अमित शाह ने गृह मंत्रालय की कमान संभालते ही नक्सलवाद को केवल एक स्थानीय कानून-व्यवस्था की समस्या मानने के बजाय इसे एक राष्ट्रव्यापी सुरक्षा चुनौती के रूप में चिन्हित किया और इसे समाप्त करने के लिए 'समाधान' और 'लौह प्रहार' जैसी रणनीतियों का सूत्रपात किया।

अमित शाह की कार्यशैली का सबसे प्रमुख पहलू उनका 'परिणाम-आधारित' दृष्टिकोण है। उन्होंने अपने विभिन्न भाषणों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि नक्सलवाद का अस्तित्व केवल बंदूकों के दम पर नहीं, बल्कि विकास की कमी और वैचारिक भ्रम के कारण टिका हुआ था। शाह ने उन 'अर्बन नक्सल' समूहों को भी बेनकाब किया जो शहरों में बैठकर जंगलों में हिंसा फैलाने वालों के लिए वैचारिक कवच तैयार करते थे। गृह मंत्री का मानना है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, और यदि कोई समूह हथियार उठाकर संविधान को चुनौती देता है, तो उसे उसी की भाषा में जवाब देना राज्य का उत्तरदायित्व है।



इसी सोच के तहत उन्होंने सुरक्षा बलों को वह 'फ्री हैंड' दिया, जिसकी मांग वे दशकों से कर रहे थे। आज सुरक्षा बल न केवल नक्सलियों के गढ़ों में घुसकर प्रहार कर रहे हैं, बल्कि उन दुर्गम इलाकों में भी तिरंगा फहरा रहे हैं जहाँ पहले जाना असंभव माना जाता था।

पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में सैकड़ों नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों ने नक्सलियों की रसद, सूचना तंत्र और छिपने के ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह ने व्यक्तिगत रूप से इन क्षेत्रों का दौरा कर जवानों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आधुनिक तकनीक, ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और संचार के बेहतर साधनों से लैस किया। गृह मंत्री ने संसद में स्पष्ट किया था कि जब तक अंतिम नक्सली हथियार नहीं डाल देता या उसका सफाया नहीं हो जाता, तब तक सरकार चैन से नहीं बैठेगी। अमित शाह की रणनीति केवल सैन्य कार्यवाही तक सीमित नहीं रही है। उनके भाषणों का एक बड़ा हिस्सा 'विकास' को समर्पित रहा है। उनका तर्क है कि जहाँ सड़क पहुँचती है, वहाँ नक्सलवाद पीछे हट जाता है। इसी सोच के साथ उन्होंने सड़क संपर्क परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। हजारों किलोमीटर लंबी सड़कों का जाल उन इलाकों में बिछाया गया जहाँ कभी नक्सलियों का खौफ हुआ करता था। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। एकलव्य मॉडल स्कूलों के माध्यम से जनजातीय बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना और मोबाइल टावरों के जरिए डिजिटल इंडिया को घने जंगलों तक पहुँचाना शाह के 'सर्वांगीण विकास' मॉडल का हिस्सा है। जब एक आदिवासी युवक के हाथ में बंदूक के बजाय स्मार्टफोन और रोजगार के अवसर आए, तो नक्सलियों की भर्ती प्रक्रिया स्वतः ही ध्वस्त हो गई।

अमित शाह ने बार-बार एक और महत्वपूर्ण बात कही है–'संवाद और पुनर्वास'। उन्होंने उन युवाओं के लिए हमेशा 'लाल कालीन' बिछाई है जो गुमराह होकर हिंसा की राह पर चले गए थे। सरकार की आत्मसमर्पण नीति को इतना आकर्षक और सुलभ बनाया गया कि हजारों नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। शाह ने अपने भाषणों में स्पष्ट संदेश दिया कि सरकार उन लोगों के प्रति सहानुभूति रखती है जो भटक गए हैं, लेकिन जो निर्दोषों की हत्या और विकास कार्यों में बाधा डालेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों के लौह प्रहार का सामना करना पड़ेगा। यह 'कैरेट एंड स्टिक' (पुरस्कार और दंड) की नीति ही थी जिसने नक्सली संगठनों के भीतर दरार पैदा कर दी और उनके नेतृत्व को कमजोर कर दिया।

आज झारखंड का 'बूढ़ा पहाड़' हो या छत्तीसगढ़ का 'अबूझमाड़', इन क्षेत्रों की पहचान अब आतंक के बजाय प्रगति से होने लगी है। अमित शाह ने सुरक्षा बलों, राज्य सरकारों और खुफिया एजेंसियों के बीच जिस तरह का समन्वय स्थापित किया, वह प्रशासनिक कौशल का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने 'यूनिफाइड कमांड' के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज किया, जिससे ऑपरेशन की सटीकता बढ़ी और सुरक्षा बलों के हताहत होने की दर में भारी कमी आई।

अमित शाह का योगदान आधुनिक भारत के निर्माण में एक ऐसे सेनापति के रूप में देखा जाएगा जिसने देश की आंतरिक एकता को खंडित करने वाली सबसे बड़ी शक्ति को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने न केवल नक्सलियों को हराया है, बल्कि उन लाखों लोगों के मन में विश्वास जगाया है जो दशकों तक डर और अभाव के साये में जीने को मजबूर थे। आज का भारत अब 'लाल गलियारे' के अंत का जश्न मना रहा है और विकास के नए क्षितिज की ओर अग्रसर है, जहाँ गोलियों की जगह कलम होगी और भय की जगह स्वाभिमान होगा।

अध्यात्म

## काम को बोझ मानेंगे तो वह थका देगा

एक संत अपने शिष्यों के साथ यात्रा पर निकले हुए थे। वे जहां-जहां जाते, वहां रुककर लोगों को जीवन जीने की सही दिशा बताते। एक दिन वे एक ऐसे स्थान पर पहुंचे, जहां बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा था। चारों ओर पत्थरों की आवाज, मजदूरों की चहल-पहल और काम का शोर था। संत ने सोचा कि यहां काम कर रहे लोगों से बात करनी चाहिए। वे एक मजदूर के पास गए, जो पत्थर तोड़ रहा था। संत ने उससे शांत स्वर में पूछा, 'बेटा, यहां क्या बन रहा है?' मजदूर पहले से ही चिढ़ा हुआ था। उसने गुस्से में जवाब दिया, 'मुझे नहीं पता बाबा, आप आगे बढ़िए।' उसकी आवाज में थकान और झुंझलाहट साफ झलक रही थी। संत बिना कुछ कहे आगे बढ़ गए और दूसरे मजदूर के पास पहुंचे। उन्होंने वही प्रश्न दोहराया। इस बार मजदूर ने बिना गुस्से के लेकिन उदासीनता से जवाब दिया, 'मुझे इससे क्या फर्क पड़ता है? मैं तो यहां मजदूरी करने आया हूं। दिनभर काम करता हूं और शाम को पैसे लेकर घर चला जाता हूं। ' संत फिर आगे बढ़े और तीसरे मजदूर के पास पहुंचे। इस मजदूर ने संत को देखते ही हाथ जोड़कर प्रणाम किया। जब संत ने उससे पूछा कि यहां क्या बन रहा है, तो उसके चेहरे पर मुस्कान आ गई। उसने उत्साह से कहा, 'गुरुजी, यहां एक सुंदर मंदिर बन रहा है। हमारे गांव में पहले मंदिर नहीं था, अब लोगों को पूजा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। 'संत ने मुस्कुराते हुए पूछा, 'क्या तुम्हें इस काम में खुशी मिलती है?' मजदूर ने जवाब दिया, 'हां गुरुजी, मुझे बहुत आनंद मिलता है। जब मैं पत्थर तराशता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं भगवान के घर का निर्माण कर रहा हूं। इस काम में मुझे संगीत जैसा आनंद आता है। ' यह सुनकर संत ने अपने शिष्यों की ओर देखा और कहा, 'यही जीवन का सच्चा रहस्य है। तीनों मजदूरों का काम वही है, तीनों की परिस्थितियां वही हैं, लेकिन तीनों की सोच अलग-अलग है। जो व्यक्ति काम को बोझ समझता है, वह दुखी रहता है। जो उसे उद्देश्य और आनंद के साथ करता है, वही सच्चा सुख पाता है। '

**सीखः** इस कथा से हमें जीवन प्रबंधन के कई महत्वपूर्ण सूत्र मिलते हैं। सबसे पहला और जरूरी सूत्र है- नजरिया बदलना। काम वही रहता है, लेकिन हमारी सोच उसे आसान या कठिन बनाती है। अगर हम हर काम को बोझ मानेंगे, तो वह हमें थका देगा। वहीं, अगर हम उसे एक अवसर के रूप में देखेंगे, तो वही काम आनंद देने लगेगा।

# विकास और सुशासन के मुद्दों पर भी काम करे मीडिया

**हमारी राजनीति बदल रही है, हमारा समाज बदल रहा है किंतु हमारे मीडिया के सोचने और अभिव्यक्त करने की शैली उस तुलना में नहीं बदली जैसी बदलनी चाहिए। आज यह मान्यता बन चुकी है कि विकास भारतीय मीडिया की प्राथमिकता नहीं है, शायद समाज भी उसकी प्राथमिकता नहीं है। हमारे नागरबोध ने मीडिया को समाज से बड़ा बना दिया है। किंतु यह तय मानिए कि कोई भी मीडिया, कोई भी राजनीति और कोई भी व्यक्ति समाज से बड़ा नहीं हो सकता। 18 से 25 साल और 18 से 35 साल के युवाओं के बीच बाजार खोज रहे मीडिया की चिताएं अलग हो सकती हैं किंतु समाज की चिताएं कुछ भिन्न हैं। वे ही वास्तविक चिंताएं हैं।**

**प्रो.संजय द्विवेदी**

मीडिया की ताकत आज सर्वव्यापी है और कई मायनों में सर्वग्रासी भी। ऐसे में विकास के सवालों और उसके लोकव्यापीकरण में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो उठी है। यह एक ऐसा समय है, जबकि विकास और सुशासन के सवालों पर हमारी राजनीति में बात होने लगी है, तब मीडिया में यह चर्चाएं न हों यह संभव नहीं है। समाज विकास की प्रक्रिया और उसकी आकांक्षाएं मीडिया में दर्ज हों, ऐसी उम्मीद की जाती है। इन विषयों की रिपोर्टिंग के लिए तमाम पत्रकार आगे आ रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी विकास की पत्रकारिता को एक नई नजर से देखा जा रहा है। भारत में विकास की पत्रकारिता और उसके सवालों से जूझने के लिए पत्रकारों की एक पूरी पीढ़ी तैयार है, किंतु मुख्यधारा के मीडिया के द्वारा इन विषयों को तरजीह न दिए जाने के कारण निराशा ही हाथ लगती है। संकट पत्रकारों की ओर से नहीं, मीडिया संस्थानों और प्रबंधकों की ओर से है। विकास का मुद्दा क्या सिर्फ सरकारी विज्ञापनों का विषय है, सरकारी मीडिया का विषय है, या यह समाज में हो रहे नवाचारों का भी विषय है। विकास पत्रकारिता को पाठ्यक्रम के साथ मीडिया कर्म का भी हिस्सा होना चाहिए।

भारत जैसे विविधता और बहुलता भरे समाज में सभी उम्मीदों, सपनों और बदलावों को रेखांकित कर पाना कठिन है। क्योंकि विकास के अनेक तल हैं और देश में समाज की रचना भी बहुस्तरीय है, देश में कहावत प्रचलित है 'चार कोस पर पानी बदले आठ कोस पर वाणी', इसलिए किसी राज्य को भी एक ही पैमाने से नहीं नापा जा सकता। जैसे मध्य प्रदेश में एक तरफ समृद्ध मालवा है, तो दूसरी और झाबुआ जैसे इलाके भी हैं। एक तरफ इंदौर की चमक है, तो दूसरी ओर अलीराजपुर जैसे क्षेत्र भी हैं। छत्तीसगढ़ में अबूझमाड़ है, तो भिलाई भी है। ऐसे में पत्रकारों या विकास के सवालों पर लिखने वालों की चुनौतियां बढ़ जाती हैं।

इसी तरह विकास की भूमिका भी यहां विस्तृत और परिवर्तित हो जाती है। हम देखें तो 1950 के पहले आर्थिक विकास हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण था। किंतु 1950 के बाद की चिंताएं अलग हो गयी। बाद के दिनों में सामाजिक विकास को एक बड़ा कारक माना जाने लगा है। सामाजिक न्याय से लेकर स्थाई विकास के सवाल अब बड़े हो गए हैं। यहां तक कि पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चीजें भी हमारे सामने हैं।

एक समय में विकसित और विकासशील देशों की बहसें भी हमने सुनीं जिनमें मैकब्राइड कमीशन की रिपोर्ट एक अलग तरह से बात करती हुयी नजर आती है, जिनमें कुछ सवाल आज भी मौजू हैं। नियंत्रित मीडिया से मीडिया के चौतरफा विकास का समय भी आया जिसमें कुछ भी छिपाना और दबाना असंभव सा हो गया। कई बार यह भी लगता रहा कि विकास का सवाल सिर्फ सरकारी माध्यमों (मीडिया) के लिए ही महत्व का है, बाकी माध्यमों का अपना एजेंडा और राय अलग है। यहां यह भी देखना जरूरी है कि कम्युनिकेशन(संचार) सिर्फ सूचनाओं का हस्तांतरण नहीं है। बल्कि पक्षधरता के साथ, न्याय के लिए खड़ा होना भी है। जन को ताकतवर बनाना भी है। अवसर की समानता की अवधारणा को प्रचारित और स्थापित करना भी है।




विकेन्द्रीकरण ने विकास के सामने कई नए प्रश्न खड़े किए हैं। जिनके भी ठोस और वाजिब हल हमें ढूंढने चाहिए। जैसे पंचायती राज में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। सत्ता इसके चलते पंचायतों तक पहुंची, पर सवाल यह है कि क्या इससे लोकतंत्र मजबूत हुआ है? क्या संसदीय राजनीति और चुनावों की तमाम बुराईयां हमारी पंचायतों तक नहीं पहुंच गयी? वहीं हम मीडिया को देखें तो उसका भी विस्तार हुआ है। व्यापकता बढ़ी है, पहुंच भी बढ़ी है। पर सवाल यह है कि क्या मीडिया में संवेदनशीलता, ग्रहणशीलता और विविधता को आदर देने की उसकी भावना भी बढ़ी है, तो शायद उत्तर नकारात्मक ही हो। तीनों तंत्रों (कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका) से निराश लोग मीडिया की ओर बहुत उम्मीदों से देखते हैं। कई अर्थों में सत्ता का तो विकेन्द्रीकरण दिखता है, किंतु मीडिया धीरे-धीरे केन्द्रीकरण का शिकार हो रहा है। इसलिए जरूरी है क्रास मीडिया ओनरशिप के बारे में भी भारत जैसे देश सोचें। ताकि मीडिया के एकाधिकार के खतरों से बचा जा सके। इसके साथ ही प्रेस कौंसिल जैसी नख-दंत हीन संस्था के अधिकारों और क्षेत्राधिकार में बदलाव करते हुए उसे मीडिया कौंसिल में बदला जाना जरूरी है ताकि वह आज के प्रभावी मीडिया को भी अपनी चर्चा में ले सके।

हम जिस संकट से दो चार हैं, वह यह है कि सूचनाएं बढ़ गई हैं और खबरें घट गई हैं। अखबारों के पन्ने बढ़ गए हैं, किंतु इनसे आम-आदमी गायब है। चैनल अब चौबीस घंटे कुछ बोलते हैं, पर उनमें विकास और जनता के सवालों की जगह बहुत कम है। जबकि विकास की पत्रकारिता की मुक्ति इसमें है कि जो लोग मीडिया तक नहीं पहुंच सकते, मीडिया उन तक पहुंचे। उनका दर्द सुने। अच्छी और उम्मीद जगाने वाली खबरों की ओर जाएं।

हमारी राजनीति बदल रही है, हमारा समाज बदल रहा है किंतु हमारे मीडिया के सोचने और अभिव्यक्त करने की शैली उस तुलना में नहीं बदली जैसी बदलनी चाहिए। आज यह मान्यता बन चुकी है कि विकास भारतीय मीडिया की प्राथमिकता नहीं है, शायद समाज भी उसकी प्राथमिकता नहीं है। हमारे नागरबोध ने मीडिया को समाज से बड़ा बना दिया है। किंतु यह तय मानिए कि कोई भी मीडिया, कोई भी राजनीति और कोई भी व्यक्ति समाज से बड़ा नहीं हो सकता। 18 से 25 साल और 18 से 35 साल के युवाओं के बीच बाजार खोज रहे मीडिया की चिताएं अलग हो सकती हैं किंतु समाज की चिताएं कुछ भिन्न हैं। वे ही वास्तविक चिंताएं हैं।

मीडिया अगर इन चिंताओं से अलग व्यवहार कर रहा है तो वह अपने अस्तित्व पर संकट स्वयं रच है। विश्वसनीयता और प्रामणिकता के संकट तो उसके साथ संयुक्त हैं ही। मीडिया के नेतृत्वकर्ताओं के लिए यह सोचने का सही समय है कि जब सारा देश विकास और सुशासन के सवालों पर गंभीर हो रहा है, उसमें अपने शासकों से जवाब मांगने की हिम्मत आ रही है, तो हमारा मुख्यधारा का मीडिया क्या कर रहा है? ऐसे तमाम सवाल मीडिया के नेतृत्वकर्ताओं के सामने आज उपस्थिति हैं, अगर इन सवालों के हल हमने आज नहीं तलाशे तो कल बहुत देर हो जाएगी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। नकारात्मक वृत्ति के लोगों से आपको बचना चाहिये। लेकिन दूसरी तरफ से सहयोग पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलेगा।

**वृषभ**
अपने पद का दुरुपयोग न करें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। मूल्यवान वस्तुओं के गुमने की आशंका है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिये आनन्ददायक रहने वाला है। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी।

**कर्क**
व्यस्तता के बावजूद आज कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। आपका मन प्रसन्न रहेगा। नये सम्पर्कों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
आज गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी।

**कन्या**
अपने काम की गुणवत्ता में कमी न आने दें। प्रशासन के लोगों से आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों का काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**तुला**
महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके सम्बन्ध बनेंगे। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपको बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कोई बड़ी डील आपको मिल सकती है।

**वृश्चिक**
व्यापार में आपको कुछ आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी हो सकती है। मानसिक शान्ति में कमी रहेगी।

**धनु**
आप व्यवसाय को लेकर लोन ले सकते हैं। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की छवि बहुत अच्छी होगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर अचानक काफी दबाव बढ़ने वाला है। माता-पिता से बहसबाजी न करें। आपके काम अन्तिम समय में खराब हो सकते हैं। सन्तान के भविष्य की चिन्ता हो सकती है।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में अचानक धन लाभ हो सकता है। सभी कार्य उत्साह से करेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**मीन**
आपकी विचारधारा से काफी लोग प्रभावित रहेंगे। कारोबार में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। भाइयों के साथ सम्पत्ति विवाद खत्म होंगे। यात्रा से आपको लाभ मिलेगा।

# सस्पेंशन ब्रिज के उद्घाटन के बाद पहली बार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लक्ष्मण झूला पर घूम कर लिया जायजा

## बिहार के पहले केबल लक्ष्मण झूला और डुमरी में बन रहे 100 एकड में खेल मैदान का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी ।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को अचानक दोपहर में तकरीबन 2:00 बजे पुनपुन लक्ष्मण झूला पर पहुंचे और पुल पर पैदल चलकर कुछ देर तक जायजा लिया, यह दूसरा मौका था ब्रिज 'लक्ष्मण झूला' का उद्घाटन और भ्रमण किया। लगभग 83 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 320 मीटर लंबा झूला ऋषिकेश की तर्ज पर निर्मित है, जो पितृपक्ष के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र





जब नितीश कुमार ने अपने द्वारा किए गए लक्ष्मण झूला के उद्घाटन के बाद लक्ष्मण झूला को देखने आए थे, और घूम कर अपने उद्घाटन के पुल को निहारते दिखें, मौके पर जिलाधिकारी पटना डॉ त्यागराजन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दरअसल 5 सितंबर 2025 को, तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन में पुनपुन नदी पर बने बिहार के पहले केबल सस्पेंशन है, हालांकि इससे पहले विश्व स्तर पर बन रहे डुमरी के पास 100 एकड़ में खेल मैदान का जायजा लिया और अधीनस्थ अधिकारियों से इस पर विचार विमर्श करते हुए जमीन हस्तांतरण एवं अन्य प्रक्रिया की सारी बिंदुओं पर अवगत होते हुए फिर वापस पटना लौट गए, और जल्द से जल्द अधिकारियों को इस दिशा में गतिशीलता लाने का निर्देश दिये।

# खुसरूपुर लूटकांड का पुलिस ने 24 घंटे में किया उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खुसरूपुर।** खुसरूपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2026 को करीब 11:30 बजे एनएच-31 पर कायमपुर के पास बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर एक व्यक्ति से उसकी मोटरसाइकिल, हेलमेट, मोबाइल फोन और पर्स लूट लिया था। घटना के बाद खुसरूपुर थाना में कांड संख्या 233/26 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुसंधान शुरू किया।



जांच के क्रम में 18 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल दोनों अपराधी बैरिया बस स्टैंड के पास देखे गए हैं, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को एनएच-31 स्थित जगमाल विहार पथ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटी गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल, रॉयल एनफील्ड कंपनी का हेलमेट, एक देशी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। हथियार एवं कारतूस के संबंध में खुसरूपुर थाना में अलग से मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निखिल चौहान उर्फ विक्की (38 वर्ष) निवासी दीदारगंज, पटना एवं अमित कुमार (39 वर्ष) मूल निवासी सुपौल, वर्तमान निवासी दीदारगंज, पटना के रूप में की गई है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पु0अनि0 संतोष कुमार, पु0अनि0 अशोक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मामले की जानकारी डीएसपी वन अभिषेक कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी, जिसमें उन्होंने पूरी कार्रवाई का खुलासा करते हुए टीम की सराहना की।

# अक्षय तृतीया पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** अक्षय तृतीया का पर्व पूरे आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है. इस मौके पर लोग पूजा अर्चना के साथ गंगा स्नान भी कर रहे हैं,ऐसे में अक्षय तृतीया के दिन पवित्र नदी खास कर गंगा में स्नान का महत्व बेहद फलदाई होता है. यही वजह है कि रविवार को पुनपुन तट पर जिसे आदी गंगा भी धर्मग्रंथों में इसे दिव्य स्नान भी कहा गया है. तीर्थ स्नान न कर सकें तो घर पर ही पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे डालकर नहा सकते हैं. ऐसा करने से भी तीर्थ स्नान का पुण्य मिलता है. इसके बाद अन्न और जलदान का संकल्प लेकर जरुरतमंद को दान दें. ऐसा करने से कई यज्ञ और कठिन तपस्या करने जितना पुण्य फल मिलता





कहा जाता है। जहाँ श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा है. शुभ मुहूर्त से ही श्रद्धालु मां गंगा की गोद में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं. सभी घाटों पर श्रद्धालु स्नान-दान कर रहे हैं। धार्मिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर किया गया तीर्थ स्नान जाने-अनजाने में हुए हर पाप को खत्म कर देता है. इससे हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं. है.मान्यता है कि अक्षय तृतीया के मौके पर पवित्र नदियों में स्नान के बाद कलश, चावल, दाल, घी, चीनी, फल, वस्त्र, सत्तू, ककड़ी, खरबूजा और दक्षिणा सहित धर्मस्थान या ब्राह्मणों को दान करने से अक्षय पुण्य का लाभ मिलता है। यही वजह कि आज पवित्र पुनपुन के पावन तट पर श्रद्धालु स्नान के बाद दान पुण्य कर रहे हैं।

# पुनपुन की केवडा पंचायत के पूर्व मुखिया नरेश सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** पुनपुन प्रखंड के केवड़ा पंचायत के दिवगंत पूर्व मुखिया नरेश सिंह के तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे फुलवारी विधायक श्याम रजक समेत गण्यमान्य गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। रविवार को उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।मौके पर विधायक श्याम रजक शामिल हुए और सैकड़ों की संख्या में कई राजनीतिक दल मुखिया पंचायत प्रतिनिधि सामाजिक और गणमान्य लोग शामिल हुए। 2



लोगों ने आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किए।

गौरतलब है की पूर्व मुखिया रहे नरेश सिंह की अपराधियों ने बिते 20 अप्रैल 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह घटना उस वक्त हुई थी जब वह दलान पर बैठ कर जमीन विवाद मामले में पंचायती कर रहे थे। उसी समय सरेआम दिनदहाड़े अपराधियों ने मिनट का मौन धारण करके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया है। विधायक श्याम रजक ने कहा कि नरेश सिंह अपने जमाने के काफी सामाजिक मुखिया रहे हैं। पुण्यतिथि कार्यक्रम मे कुणाल, पटना जदयू ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह,एवं सहित सैकड़ो की संख्या मे स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से 5 साल की मासूम की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** सड़क क्रॉस करने के दौरान एक बेलगाम अज्ञात वाहन के चपेट में 5 साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई है। दरअसल रविवार को पुनपुन थाना के समकुडा गाव के पास में एक 5 वर्षिये बच्ची सडक पार कर रही थी उसी वक्त विपरीत दिशा से आ रही एक वाहन के चपेट मे आ गई जहाँ उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है।

मृतक की पहचान नाम रिया कुमारी पिता दिनेश राम समकुडा निवासी है। घटना से गुस्सा आए मृतक के परिजनों ने घंटा हो हंगामा किया जहां घटना की सूचना मिलते ही पुनपुन पुलिस मौके पर पहुंचे और गुस्साए परिजनों को समझा-भुजाकर सबको अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है वहीं मृतक के परिजनों के अनुसार अज्ञात वाहन की ठोकर से यह घटना घटी हैं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थाना अध्यक्ष देवी कुमारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से बच्ची की मौत हो गई है जहां घटनास्थल पर मृतक के परिजनों द्वारा हल्ला हंगामा किया गया, जिसे समझा बूझकर शांत कर दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम हेतु पीएमसीएच पटना भेजा गया है।

# महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** महिला सशक्तिकरणः बिहार के विशेष संदर्भ में विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस संगोष्ठी में प्रख्यात शिक्षाविदों, नीति-निमार्ताओं एवं सामाजिक चिंतकों ने भाग लिया। डॉ. एके पांडेय (आईएएस सेवानिवृत्त), कुलपति, कस्तूरबा गांधी विश्वविद्यालय, गया ने स्वागत भाषण देते हुए महिलाओं के समावेशी एवं सतत सशक्तिकरण हेतु शिक्षा एवं संस्थागत सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. एस. नारायण, अध्यक्ष, सोसाइटी फॉर एम्पावरमेंट ने संस्था की गतिविधियों एवं सामाजिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित



किया। प्रो. अनिल के. प्रसाद ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए महिला सशक्तिकरण के मानवाधिकार दृष्टिकोण को स्पष्ट किया, जबकि डॉ. राजीव के. कुमार, एएनएसआईएसएस, पटना ने अपेक्षित परिणामों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता श्री विजय प्रकाश (आईएएस सेवानिवृत्त), अध्यक्ष, बिहार विद्यापीठ ने महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु जमीनी स्तर पर पहल एवं नीतिगत समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र का एक प्रमुख आकर्षण प्रोफेसर सचिंद्र नारायण द्वारा लिखित पुस्तक का लोकार्पण रहा, जिसने संगोष्ठी को अकादमिक दृष्टि से समृद्ध किया। इस अवसर पर डॉ. शोभा कुजूर, प्रोफेसर, चैत्रा कॉलेज द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा एवं महिलाओं की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्र में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. ज्योत्सना प्रसाद ने बिहार में महिला सशक्तिकरण की यात्रा पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. प्रियंका कुमारी एवं कैप्टन निकिता सहाय ने महिलाओं में आत्मबल एवं नेतृत्व क्षमता के महत्व को रेखांकित किया। डॉ. संजय कुमार ने ग्रामीण बिहार में कृषि के स्त्रीकरण पर अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त समाचार

### मनाई गई परशुराम जयंती

**दनियावां/पटना (नबिटासं)।** समीपवर्ती दनियावां-हिलसा मार्ग पर सूर्य मंदिर प्रांगण,हिलसा में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पत्रकार सुशील कुमार पांडेय ने सभी परशुराम वंशजो को संगठित होने की आवश्यकता पर बल दिया ।उन्होने बताया कि वर्तमान समाजिक-राजनीति परिस्थिति में अगर परशुराम



वंशज एक नहीं हो होंगे तो उनके समाजिक अस्तित्व पर ही संकट आ जाएगा।यूजीसी कानून या बीएचयू में जाति पुछकर पीटना यह घटना दिखाता है की समाज संगठित होकर ही इसका सही प्रतिकार कर सकता है।सभी राजनीतिक दल सवर्ण समाज का वोट लेकर उन्हे अपमानित करने का ही कार्य करती है।अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आज परशुराम के वंशजों को संगठित होकर सम्पूर्ण समाज का नेतृत्व करना होगा।
इस कार्यक्रम को संचालित करते हुए संयोगानंद पाठक ने भगवान परशुराम के जीवनी पर प्रकाश डाला और समाज के संगठन पर जोर डाला।बैठक को सफल बनाने मे अधिवक्ता सौरभ प्रकाश,दिलीप पांडेय,नीरज प्रियदर्शी,मदन शर्मा,अधिवक्ता गौरव प्रकाश,अधिवक्ता अभय कुमार ,अधिवक्ता रामनिवास शर्मा,अधिवक्ता शशीचंद्र पांडेय,ब्रजकिशोर पाठक,चंद्रभुषण पांडेय,भानु पांडेय, सन्नी पांडेय,अंजनी पांडेय,सुरेंद्र पांडेय,मदन कुमार,प्रकाश तिवारी,निशांत तिवारी,रंजय तिवारी,आशुतोष कुमार उर्फ गौरी जी,वार्ड पार्षद शैलेन्द्र शर्मा,विष्णु शर्मा,बिष्णु कुमार,जनार्दन शर्मा,अजय शंकर,अंशु पांडेय,हिमांशु पांडेय(शिक्षक),रमेश कुमार मोदगल,पुटुश पांडेय,सुजय शर्मा सहित सैकडो लोग उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जयंती पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की पहल, राहगीरों को पिलाया शरबत

**मसौढी (नबिटासं)।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर मसौढ़ी में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा सह ब्राह्मण युवा सेना के बैनर तले निःशुल्क जल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शरबत वितरण का आयोजन किया।संगठन के सदस्यों ने सबसे पहले भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद ठाकुरवाडी मंदिर परिसर में स्टॉल लगाकर आने-जाने वाले लोगों को ठंडा नींबू पानी और



पिलाया गया।तेज धूप और लू के बीच ठंडा शरबत पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। करीब 3 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में 500 से ज्यादा लोगों ने शरबत पिया।भगवान परशुराम ने हमेशा समाज कल्याण का संदेश दिया। उनकी जयंती पर हम सेवा का संकल्प लेते हैं। त्याग, पराक्रम और धर्म के प्रति समर्पण हम सभी को सदैव प्रेरित करता है। ब्राह्मण युवा सेना प्रमुख मृत्युंजय पाण्डेय नें कहाँ कि भगवान परशुराम के हम सब वंशज हैं उनके आदर्शो पर चलने की जरूरत हैं और संगठित रहने की जरूरत हैं कार्यक्रम में गणेश पाण्डेय, रवि पाण्डेय संजीव महराज सभी ने मिलकर मजबूती सें कार्य को सफल बनाए।

# मसौढी एवं धनरूआ में विभिन्न प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी ऑडिट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** मसौढी मसौढी अग्निशमन विभाग ने अग्नि सेवा सप्ताह (14-20 अप्रैल) के तहत राइस मील, अस्पतालों, होटलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाओं को न्यूनतम करना और सुरक्षा मानकों की जांच करना है।

वहीं रविवार को राइस मिल और वेयरहाउस का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत फायर रिस्क निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में उपलब्ध अग्निशमन



उपकरणों, फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं, आपातकालीन निकास मार्गों एवं विद्युत सुरक्षा मानकों का गहन परीक्षण किया गया। साथ ही होटल प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि सभी अग्निशमन उपकरण सदैव क्रियाशील अवस्था में रखें तथा कर्मचारियों को समय-समय पर फायर सेफ्टी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। फायर डीएसपी मंजीत सिंह ने बताया कि विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि आपात स्थिति में त्वरित निकासी की स्पष्ट योजना तैयार रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।होटल संचालकों से अपील की गई कि वे अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए यात्रियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

# धनरूआ में दहेज हत्या मामले में फरार पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** धनरूआ में दहेज हत्या के मामले में फरार आरोपी पति को पुलिस ने रविवार को उसके घर से ही सुधीर पासवान पिता विनोद पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह घटना बीते दो अप्रैल को धनरूआ थाना क्षेत्र के सहरू गांव मे घटी थी, जहां पर विवाहिता अंशु कुमारी पिता देवेंद्र पासवान अलीपुर अकौना लहसुना थाना क्षेत्र के निवासी की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी, इस मामले में सभी ससुराल पक्षों पर मृतक के पिता देवेंद्र पासवान ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी, दर्ज कराए गए प्राथमिक में लिखा था की 2020 में हम अपनी बेटी अंशु कुमारी की शादी विनोद पासवान के बेटे सुधीर पासवान के साथ की थी, 1 साल ठीक रहा उसके बाद सोने की चेन अंगूठी बाइक के लिए बराबर प्रताड़ित करने लगे और उसके बाद सभी ससुराल पक्ष ने मेरी बेटी को जान से मार दिया। धन्यवाद थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 198/26 के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त सुधीर पासवान पिता विनोद पासवान ग्राम शहरू को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। अग्रतर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# नीति आयोग के द्वारा विकसित रामजी योजना को लेकर महिला मजदूरों से संवाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** विकसित भारत-जी राम जी' योजना,जो मनरेगा की जगह ले रही है,शुरू करने से पहले नीति आयोग और केंद्रीय मंत्रालयों ने जमीनी स्तर पर संवाद और फीडबैक ले रही है।

मसौढी मनरेगा कार्यालय के सभागार में महिला मजदूरों के साथ संवाद किया गया, जहां नीति आयोग के सदस्य आकाश कुमार ने संवाद के साथ, मनरेगा में कैसे काम करना है एवं उन सबों की समस्या के साथ फीडबैक लेते हुए उन सभी महिला मजदूरों को जागरूक करते हुए बताया गया की मजदूरों की मांग पर 100 दिन के काम को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। यदि 15 दिनों के भीतर मजदूरी नहीं मिलती है, तो ब्याज सहित भुगतान करने का प्रावधान जोड़ा गया है। इसके अलावा यदि काम नहीं मिल पाता है, तो भत्ते का प्रावधान रखा गया है। जल संरक्षण, ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्कर, आजीविका और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यो से स्वावलंबी और गरीबी-मुक्त गांव बनाए जाएंगे। वहीं मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश नंदन ने कहां की यह ग्रामीणों को 100 की जगह 125 दिनों के रोजगार, बेहतर मजदूरी, 7 दिनों में भुगतान और करोड़ के बजट के साथ आत्मनिर्भरता के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह योजना टिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचे, कृषि सहयोग और रोजगार सुरक्षा के माध्यम से गाँवों को विकसित बनाने पर केंद्रित है जो, मजदूर और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देता है।

# बासगित पर्चा देकर बसाना भूल गई सरकार, खरांट गांव के 28 पचाधारी 15 वर्षों से कर रहे इंतजार...

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** बसेरा अभियान के तहत मसौढ़ी प्रखंड के कई ऐसे गांव हैं जहां पर सरकार ने उन सभी भूमिहीनों को जमीन का पर्चा तो दे दिया लेकिन आज तक उन सभी भूमिहीन परिवारों को दखल दहानी नहीं किया गया है। नतीजन आज भी उन भूमिहीनों के निगाहें सरकार की ओर टीकी हुई है कि कब हम सब लोगों को वह दखल कब्जा दिलायेंगे, और कब हम अपना आशियाना बनाएंगे।

दरअसल मामला मसौढ़ी प्रखंड के खरांट महादलित टोला का है, जहां तकरीबन 28 भूमिहीन परिवारों को वर्ष 2009-10 की योजना में बासगित पर्चा दिया गया



था, उस पर्चा में खाता संख्या, खेसरा संख्या, रखवा सभी अंकित है। लेकिन लेकिन वह जमीन कहां है किसी को पता नहीं। वहीं अखिल भारतीय खेत मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पासवान एवं संजय पासवान ने अंचल प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन बासगित पचार्धारियों को जमीन पर कब्जा नहीं दिलाएंगे तो अंचल कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बासगित परचाधारियों में संजय मांझी, जितेंद्र मांझी, मदन मांझी, बिनेश्वर मांझी, सोनी मांझी, गोवर्धन मांझी, रामेश्वर मांझी कुलेश्वरी देवी, मनोज मांझी, गोपी मांझी, सुरेंद्र मांझी, सत्येंद्र मांझी, रामजन्म मांझी, भुवनेश्वर मांझी, सुखदेव मांझी, छोटेलाल मांझी समेत 28 भूमिहीन आदि हैं इस पूरे मामले में अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया उन सभी बासगित परचाधारियों को जल्द ही जमीन चिह्नित करते हुए दखलदहानी कराई जाएगी। उस पंचायत के राजस्व कर्मी को निर्देशित किया गया है।

# अनियंत्रित होकर नाले में पलटा ट्रैक्टर, पांच बच्चे घायल

## चालक फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** खैरा-आमीन मुख्य मार्ग पर बरियारपुर-मिल्की के पास रविवार को ईंट से लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर पर सवार पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर मिर्चा की ओर से खैरा की तरफ ईंट अनलोड करने जा रहा था। मिल्की के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रैक्टर नाले में जा गिरा। घटना के समय ट्रैक्टर पर चालक सहित कुल छह लोग सवार थे। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा पहुंचाया गया। घायलों की पहचान सोनू कुमार, खेसारी लाल और सुमन कुमार के रूप में हुई है।



प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीन बच्चों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया, जबकि दो अन्य बच्चों का इलाज निजी क्लीनिक में कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद दो घायल बच्चों को पहले चिमनी भट्ठे पर लाया गया, जहां से उन्हें अस्पताल भेजा गया, जबकि अन्य तीन को खैरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किया गया। घायल बच्चे के पिता पुत्तन कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि ईंट खाली करने जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसके बाद वे तुरंत अस्पताल पहुंचे। वहीं घायल सुमन कुमार ने बताया कि वे सभी ट्रैक्टर पर ईंट खाली करने खैरा जा रहे थे, तभी अचानक हादसा हो गया।

घायल खेसारी लाल ने बताया कि चालक ने ईंट खाली करने के लिए उन्हें साथ चलने को कहा था और इसके बदले 250 रुपये देने की बात कही थी। इसी लालच में वे ट्रैक्टर पर सवार हो गए। सभी घायल बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं। घटना के बाद खैरा पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पंस की बैठक में महिला प्रतिनिधियों की जगह पति रहे हावी

## जोकीहाट में महिला सशक्तिकरण पर उठ रहे सवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** जिले के जोकीहाट में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर महिलाओं को आरक्षण दिया गया है और जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इसका अपेक्षित असर नहीं दिख रहा है। इसका ताजा उदाहरण शनिवार को जोकीहाट प्रखंड में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में देखने को मिला। बैठक में अधिकांश महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पति ही सक्रिय भूमिका में नजर आए, जबकि महिला प्रतिनिधि केवल दर्शक बनी रहीं। इस स्थिति ने महिला सशक्तिकरण की नीतियों की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, 26 पंचायतों वाले जोकीहाट प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों की कुल संख्या 35 है। इनमें प्रमुख और उपप्रमुख का पद महिला आरक्षित है। इसके अलावा 16 पंचायत समिति सदस्य भी महिलाएं हैं और लगभग इतनी ही संख्या में महिला मुखिया भी हैं। इसके बावजूद बैठकों में महिलाओं की उपस्थिति और भागीदारी अपेक्षाकृत कम रहती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्था के कारण महिलाएं अब भी स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने और अपनी भूमिका निभाने में पीछे रह जाती हैं। कई मामलों में उनके स्थान पर उनके पति या परिवार के अन्य पुरुष सदस्य ही जिम्मेदारी निभाते दिखाई देते हैं। यह स्थिति न केवल महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को कमजोर करती है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर भी असर डालती है। जरूरत इस बात की है कि महिलाओं को केवल आरक्षण देने के बजाय उन्हें निर्णय लेने और नेतृत्व करने के लिए वास्तविक रूप से सक्षम और प्रोत्साहित किया जाए।

# अमरपुर में भूमिहार समाज ने श्रद्धा के साथ मनाई भगवान परशुराम की जयंती



नवबिहार टाइम्स संवादाता

**अमरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार संध्या लगभग 4:00 बजे भूमिहार समाज के लोगों द्वारा शहर के एक निजी भवन में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर जिला अंतर्गत तुलसीपुर निवासी जिला परिषद सदस्य गौरव राय शामिल हुए। समारोह की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने भगवान परशुराम को नमन किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उन्होंने त्रेता युग में अन्याय और अधर्म के विनाश के लिए अवतार लिया था। उनका मूल नाम राम था, लेकिन भगवान शिव से शिक्षा प्राप्त करने के बाद शिव जी ने प्रसन्न होकर उन्हें अपना परशु (फरसा) प्रदान किया, जिसके बाद उनका नाम परशुराम पड़ा।कार्यक्रम में भीखनपुर पैक्स अध्यक्ष नारायण शर्मा सलिल, सांसद प्रतिनिधि मृत्युंजय शर्मा,मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार अमन, भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, पंचायत समिति सदस्य रणधीर राय, किसान नेता रामबालक शर्मा, प्रवीर कुमार, नितेश कुमार, सुजीत कुमार,आयुष देव, रामकुमार गोरे सहित सैकड़ों की संख्या में भूमिहार समाज के लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 537वीं रविवारीय साइकिल यात्रा गिद्धौर में संपन्न

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** रविवार को यात्रा के क्रम को जारी रखते हुए विचारमंच के सदस्यों ने 537वीं रविवारीय साइकिल यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। यह यात्रा गिद्धौर स्थित महाराजा चंद्रचूड़ विद्या मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया तथा नवोदित खिलाड़ियों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलायी गई। कार्यक्रम में विचारमंच के सदस्यों ने फ्यूचर स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी (एफएसएसए) के साथ मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाया, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी रही। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित



करते हुए विचारमंच के संस्थापक विवेक कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वच्छ पर्यावरण का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प दिलाया। वहीं एफएसएसए के कोच प्रमुख गुड्डू पाण्डेय एवं नीतीश कुमार ने कहा कि विचारमंच की यह 537वीं साप्ताहिक यात्रा पर्यावरण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो खेलप्रेमियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने साइकिल यात्रा के माध्यम से प्रदूषण कम करने और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में फ्यूचर स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी, गिद्धौर के संचालक एवं खिलाड़ी गुड्डू पाण्डेय, नीतीश कुमार, ज्योति कुमारी, प्रीतम कुमार, मोंटी कुमार, रितेश कुमार, ऋषि कुमार, गंभीर कुमार, गोल्डन, सत्यम कुमार, कृष कुमार, सूरज कुमार, रौशन कुमार, गुलराज कुमार, बादल कुमार, आदर्श पासवान, आर्यन कुमार, सरोज कुमार, राकेश कुमार, सोनम कुमारी, दीपक कुमार, मानसी कुमारी, प्रियांशी कुमारी, हर्ष कुमार सिन्हा, गोलू कुमार, सागर कुमार, विवेक कुमार, शैलेश भारद्वाज, अभिषेक कुमार झा, अजीत कुमार, रौनक राज सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब में रक्त दान शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** स्थानीय लायंस क्लब फारबिसगंज में खिदमत फाउंडेशन के द्वारा द्वितीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 'रक्तदान-जीवन दान' के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह 10 बजे शुरू हुए इस शिविर में कुल 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। 25 वीं बार रक्तदान कर शिक्षक राहुल रंजन ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। आपके द्वारा दी गई रक्त की एक बूंद किसी मरते हुए व्यक्ति को नया जीवन दे सकती है। यह न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी रक्तदाता के लिए लाभकारी है। शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं में ख़ासा




उत्साह दिखा। मटियारी मस्जिद के ईमाम मो0 जुल्फ़ेकार व सैफगंज के हिकमत शाह ने पहली बार रक्तदान के बाद कहा कि शुरुआत में थोड़ा डर था, लेकिन रक्तदान करने के बाद काफ़ी गौरवपूर्ण अनुभूति हो रही है। कई युवाओं ने प्रथम रक्तदान कर नव युवाओं को प्रेरित किया। शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम ने रक्त दाताओं को इसके फायदों के बारे में भी जागरूक किया। रक्तदान से शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है। यह हृदय रोग के खतरे को कम करने में सहायक है। नियमित अंतराल पर रक्तदान करने से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से शिक्षक राहुल रंजन, मटियारी मस्जिद के ईमाम मो0 जुल्फ़ेकार, शिक्षक हिकमत शाह, मो0 शाहिद, हाशिम अंसारी, तौहीद अंसारी, आबिद हुसैन, मो0 अशरफ, मो0 जान, महताब अंसारी, मो0 रुस्तम, मो मुस्तकीम, आफताब आलम, अफताब खान, दानिश रजा ने रक्तदान किया। वही इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य राशिद जुनैद, इरशाद सिद्दीकी, मुमताज सलाम, विक्की खान, खत्ताब अंसारी, राकिब आलम, नसीम अंसारी, रियाज गाजी, इबादत अंसारी, आबिद हुसैन, अली रजा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दिव्यांग स्कूली छात्रा को डीएम ने दी ट्राइसाइकिल

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**हसनगंज /कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के बलुआ पंचायत के भारीडीह गांव से एक सराहनीय और मानवीय पहल सामने आया है। यहां एक दिव्यांग स्कूली छात्रा नेहा कुमारी को जिला प्रशासन की ओर से बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार नेहा कुमारी को दिव्यांगता के कारण स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। जिससे उसकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। जैसे ही इस बात की सूचना जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी को मिली। उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपनी टीम को छात्रा का पता लगाने का निर्देश दिया। प्रशासन की तत्परता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महज 12 घंटे के भीतर नेहा को ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई। रविवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी स्वयं भारीडीह गांव पहुंचे और छात्रा को



ट्राइसाइकिल सौंपते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नेहा का हौसला बढ़ाते हुए उसे नियमित रूप से पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस पहल को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर जिले के सभी स्कूलों से दिव्यांग बच्चों की रिपोर्ट तैयार की जाए। इसके बाद मिशन मोड में अभियान चलाकर ऐसे सभी जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तेजी से और सीधे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।इस अवसर पर बलुआ पंचायत के मुखिया कंदलाल मुर्मू सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस त्वरित और संवेदनशील पहल की सराहना की।

# देसी कट्टा व कारतूस के साथ आरोपित गिरफ्तार

## कुर्सेला फायरिंग कांड का खुलासा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** कुर्सेला थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 18 अप्रैल को कुर्सेला थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि पूर्व विवाद को लेकर सेमापुर सिक्कट थाना-बरारी निवासी धीरेन्द्र यादव पिता- भूदेव यादव ने रेलवे पुल के नीचे कटरिया थाना-कुर्सेला निवासी रंजीत सिंह पिता- जयचंद्र सिंह पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मामले का सत्यापन करते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी रंजीत सिंह को



गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक देशी कट्टा और 13 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस ने कांड दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना का कारण पूर्व का आपसी विवाद बताया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और अन्य पहलुओं पर भी नजर रखी जा रही है।पुलिस ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के मामलों में लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया पर हुए धार्मिक आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवादाता

बरारी /कटिहार - रविवार को गंगा समग्र के स्वयंसेवकों ने काढ़ागोला घाट पर 379 वां साप्ताहिक स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान घाट परिसर की सफाई कर लोगों को गंगा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।अभियान के बाद घाट पर भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।स्वयंसेवकों ने भगवान परशुराम के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला सहसंयोजक मनोज साह,आरती प्रमुख जीवछ गुप्ता, घाट प्रमुख राजकुमार साह, राहुल राज, संजू राय, रूदल मंडल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के उपरांत गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबा के आवास पर अक्षय तृतीया के अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। इसमें मनोज साह समेत



कई स्वयंसेवकों ने भाग लिया। हवन के दौरान भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा की गई तथा बाद में जरूरतमंदों के बीच दान-पुण्य किया गया। इधर वैशाख शुक्ल तृतीया के पावन अवसर पर बरारी प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में अक्षय तृतीया का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुबाजार स्थित रामजानकी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। भक्तों ने कतार में लगकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा संपन्न कराई गई। वहीं इस दिन आभूषण खरीदना शुभ मानते हुए ज्वेलरी दुकानों में भी महिलाओं की अच्छी भीड़ देखने को मिली। जिला संयोजक नवीन चौधरी बाबा ने बताया कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उनका जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष और धर्म की रक्षा का संदेश देता है।

# जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**मनिहारी/कटिहार।** नगर पंचायत सभागार में जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण सत्र का आरंभ अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर एसडीएम श्री सिंह ने प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे प्रगणकों व पर्यवेक्षकों को जनगणना से जूडें तकनीकी पहलुओं को बारिकी से समझने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सामुहिक दायित्ववाला कार्य है. सभी को आपसी समन्वय के साथ इस कार्य को सम्पादित करने की ताकीद की।जानकारी दी कि 17 अप्रैल से 01 मई तक स्वगणना का कार्य किया जाना है। आमजन भी अपने मोबाईल से एप के माध्यम से थोडे से प्रयास स्वगणना कर सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत प्रथम चरण में 02 मई से 31 मई तक प्रगणकों द्वारा निर्धारित क्षेत्र भ्रमणकर मकानों का सूचीकरण व गणना की जाएगी। श्री सिंह ने आम जन से भी इस कार्य मे अपेक्षित सहयोग की



अपील की है। इस मौके पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने भी प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना की विविध पहलुओं की जानकारी दी। इस मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी आरुष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे ।

## जनगणना कार्य हेतु प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अमदाबाद/कटिहार।** नगर पंचायत सभागार में रविवार को जनगणना कार्य को सफल बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण संवैधानिक कार्य है,जिसके तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की प्रक्रिया को लेकर पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा 33 बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक बैच में 32-32 प्रगणक शामिल हैं। पहला बैच 19 से 21 अप्रैल तक तथा दूसरा बैच 22 से 24 अप्रैल तक प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि नागरिकों की सुविधा के लिये सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन कर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार,मास्टर ट्रेनर रूप कुमार मंडल, संजीव भूषण प्रसाद सहित नपं सहायक आनंद कुमार व अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# जांच के दौरान कार से पांच सौ ग्राम स्मैक बरामद

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**मनिहारी/कटिहार।** रविवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मनिहारी अम्बेदकर चौक पर वाहन जांच के दौरान एक कार से तकरीबन पांच सौ ग्राम स्मैक बरामद की है। अन्तराष्ट्रीय बाजार मे इसकी कीमत पचास लाख होने का अनुमान है। सूचना पर मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल से नदी मार्ग से नाव के सहारे स्मैक की बडी खेप मनिहारी घाट की ओर बढ रही है। मिली सूचना के आलोक में मनिहारी थाना के एसआई अमित कुमार राय, एसआई आशिष कुमार, एएसआई संतोष कुमार ने बिना समय गवांये मनिहारी अम्बेदकर चौक पहुंचकर वाहनों की सघन जांच आरंभ की। इसी क्रम मे एक कार की जांच के दौरान थैले के अन्दर दो प्लास्टिक की थैली में छुपाकर रखे गये स्मैक 500 ग्राम पुलिस ने बरामद की।पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में उस पर सवार दो युवक



की पहचान फरियाद आलम (35) पिता अब्दूल रजा कुम्हरा, थाना रौतारा एवं मुर्तजा अली (33) पिता स्व अबदूर काहिर सिमरिया थाना कोढा जिला कटिहार निवासी के रुप में की है। पुलिस ने दण्डाधिकारी रामसागर पासवान की उपस्थिति में वाहन जांच की प्रक्रिया पूरी करते हुए स्मैक तस्करी में उपयोग मे लायी गयी काले रंग की कार को जप्त करते हुए अपनी अभिरक्षा मे थाने ले गयी। साथ ही पकडे गये दोनो स्मैक तस्कर से आगे की पूछताछ में जुट गयी है। मौके पर पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद कुमार ने जानकारी दी कि पश्चिम बंगाल से स्मैक की तस्करी मनिहारी घाट से रिसीव कर इसे जिले के अन्य भागों में खपाने की योजना तस्करों की थी। लेकिन पुलिस की सक्रियता से धर दबोचे गये। शुक्रवार को मनिहारी थाना निरीक्षण के लिए पहुंचे पूर्णियां प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक डा विवेका नंद ने युवाओं में बढते सूखे नशे की प्रवृति और इसकी बढती तस्करी को चुनौती बताया था। जानकारी दी थी कि सूखे नशे की तस्करी के स्रोत पर प्रभावी नियंत्रण के सख्त निर्देश सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को दिये गये हैं। आईजी के सख्त निर्देश का असर के रुप में तस्करों की गिरफ्तारी देखी जा रही है। मनिहारी अम्बेदकर चौक पर इसके पूर्व भी 20.49 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। इस संदर्भ मे मनिहिरी थाने मे कंाड संख्या 32/2025 दर्ज की गयी थी। रविवार को 500 ग्राम स्मैक के साथ तस्करों को गिरफ्तार करने में एसआई अमित राय, आशीष कुमार, एएसआई संतोष राय की सक्रिय भूमिका रही।

## दो आरोपित गिरफ्तार

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो अलग अलग कंाडों के वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि कुमारीपुर माराटोला निवासी मनिहारी थाना कंाड संख्या 44/2026 में हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी जीवन श्रृषि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरी ओर मनिहारी नगर क्षेत्र से नाबालिग मासूम बच्ची से छेडछाड के आरोपी एक अधेड व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मनिहारी थाना कंाड संख्या 112/26 मे इनकी आरोपी बनाया गया था।

# जिले में पैक्स चुनाव हेतु मतदान आज

## सुबह सात बजे से मतदान होगा शुरू, सुरक्षा की रहेगी व्यापक व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा पैक्स निर्वाचन के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी-सह-जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (सहकारिता) द्वारा बताया गया कि जिले के 12 प्रखंडों में यह निर्वाचन 20 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मंझौल अनुमंडल के अंतर्गत चेरिया बरियारपुर एवं छौड़ाही प्रखंड, बेगूसराय अनुमंडल के अंतर्गत बेगूसराय सदर, मटिहानी, बरौनी एवं खोदावंदपुर प्रखंड, बखरी अनुमंडल के अंतर्गत नावकोठी प्रखंड, बलिया अनुमंडल के अंतर्गत बलिया, साहेबपुर कमाल एवं डंडारी प्रखंड तथा तेघड़ा अनुमंडल के अंतर्गत तेघड़ा एवं मंसूरचक प्रखंड में मतदान आयोजित किया जाएगा। निर्वाचन




के दौरान बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देशानुसार मतदान सुबह 7 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक संपन्न होगा। पंचायत स्तर पर आयोजित इस चुनाव को स्थानीय एवं राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील मानते हुए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं भयमुक्त बनाने के लिए संबंधित क्षेत्रों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बलों की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। मतदान संपन्न होने के उपरांत सभी दंडाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि मतदान दल बैलेट बॉक्स के साथ सुरक्षित रूप से निर्धारित स्ट्रांग रूम तक पहुँचें। इसके उपरांत संबंधित पदाधिकारी अपना प्रतिवेदन संबंधित निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। मतगणना की प्रक्रिया अधिकांश प्रखंडों में 20 अप्रैल को ही संपन्न की जाएगी। जबकि तेघड़ा प्रखंड में मतगणना 21 अप्रैल को निर्धारित की गई है। सभी मतगणना केंद्र प्रखंड स्तर पर चिन्हित किए गए हैं। जहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे तथा सतत भ्रमणशील रहकर स्थिति पर निगरानी बनाए रखेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

## चार पैक्सों में मतदान की सभी तैयारियां पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के चार पैक्सों में सोमवार को होने वाले मतदान के लिए मतदान कर्मियों को रविवार को प्रखंड मुख्यालय में मतदान सामग्री उपलब्ध करायी गयी। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। इसके लिए पहसारा पश्चिमी पैक्स हेतु कन्या मध्य विद्यालय, पहसारा में चार मतदान केंद्र बनाये गए हैं। इस मतदान केंद्र पर दंडाधिकारी श्रम एवं प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा के साथ पुलिस पदाधिकारी मृत्यंजय कुमार तथा पुलिस बल, पहसारा पूर्वी पैक्स मतदान हेतु दो मतदान केंद्रों पर दंडाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार के साथ पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार ओझा तथा पुलिस बल, विष्णुपुर पैक्स हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सैदपुर विष्णुपुर के दो मतदान केंद्रों पर दंडाधिकारी वृंद कुमार मोची के साथ पुलिस पदाधिकारी रंजीत कुमार तथा पुलिस बल तथा समसा पैक्स हेतु सिया लषण मध्य विद्यालय के दो मतदान केंद्रों पर दंडाधिकारी बीटीएम विवेकानंद सिंह, पुलिस पदाधिकारी अबोध कुमार सिंह तथा पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान बैलेट पत्र से होगी। इसमें कुल 10 मतदान केंद्रों पर 6772 मतदाता सुबह 7 बजे से संध्या 4 बजे तक मतदान करेंगे। मतदान समाप्त होने के बाद मत पेटी एपीएस प्लस टू स्कूल, नावकोठी में जमा किया जाएगा। जहां पर मतगणना उसी दिन होगी। विजयी अभ्यर्थियों की घोषणा वहीं पर उसी दिन की जाएगी। विजयी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र 22 अप्रैल यानी बुधवार को दिया जाएगा।

## जिले के कानून एवं विधि व्यवस्था से रूबरू हुए न्यायाधीश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम साहु मुंगेर परिसदन पहुंचे। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने उनका परिसदन में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बांका से लौटने के क्रम में मुंगेर परिसदन पहुंचे। जहां उनका स्वागत किया गया। वो यहां थोड़ी देर रूक कर यहां की विधि एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया। पुनः वो अपने गणतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया। इस दौरान जिले के तमाम अधिकारी सहित गण्यमन उपस्थित थे। इसके पहले मुख्य न्यायाधीश को मुंगेर पहुंचने पर गॉड ऑफ़ ऑनर भी दिया गया। मौके पर न्यायिक सेवा से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## मॉडल विद्यालयों में वर्ग +2 शिक्षकों की होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के चयनित मॉडल विद्यालयों में कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 हेतु शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस क्रम में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने वाले सभी इच्छुक शिक्षकों को अपनी पात्रता के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला मुख्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। चयन हेतु निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार अभ्यर्थी का संबंधित जिले में कार्यरत नियमित शिक्षक, विद्यालय अध्यापक अथवा विशिष्ट शिक्षक होना आवश्यक है। साथ ही ई-शिक्षाकोष, यू-डायस पोर्टल पर कक्षा 9-12 के लिए विषय-मैपिंग अद्यतन एवं विद्यालय प्रधान द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा वर्तमान जिले में न्यूनतम दो शैक्षणिक वर्षों की सतत सेवा पूर्ण की गई हो। पिछले तीन वर्षों में अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई प्रमुख दंड नहीं दिया गया हो तथा कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, निर्धारित कटऑफ तिथि 31 मार्च के अनुसार अभ्यर्थी की आयु 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। दस्तावेज जमा करने के संबंध में निर्देश दिया गया है कि सभी शिक्षक अपने शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाणपत्रों सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति दो-दो सेट में, अलग-अलग दो फोल्डर में संलग्न कर प्रस्तुत करें। इन दस्तावेजों में नवीनतम फोटो, अनुभव प्रमाण-पत्र, बोर्ड/आकलन कार्य से संबंधित विवरण, शिक्षण नवाचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण के प्रमाण भी सम्मिलित होने चाहिए।सभी संबंधित शिक्षकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने दस्तावेजों के दोनों फोल्डर 20 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे तक अनिवार्य रूप से जिला मुख्यालय में जमा कर दें। निर्धारित समय-सीमा के भीतर दस्तावेज जमा नहीं करने की स्थिति में समस्त जवाबदेही संबंधित शिक्षक की होगी।उक्त चयन प्रक्रिया कुल 100 अंकों पर आधारित होगी, जिसमें शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण अनुभव, कार्य प्रदर्शन एवं साक्षात्कार को आधार बनाया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु संबंधित शिक्षक अपने-अपने विद्यालय प्रधान से संपर्क कर सकते हैं।

## पर्यवेक्षक तथा प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** एपीएस प्लस टू स्कूल नावकोठी के सभागार में जनगणना 2027 के पर्यवेक्षक तथा प्रगणक के तृतीय बैच की तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत रविवार को हुई। चार्ज अधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने कहा कि निदेशक जनगणना सह प्रधान जनगणना अधिकारी बिहार द्वारा जारी पत्रादेश के आलोक में देश की जनगणना 2027 का पहला चरण मकान सूचीकरण तथा मकान गणना की जानी है। यह पूर्णतः डिजिटल ही होगा। इस कार्य में तैनात किये गए पर्यवेक्षक तथा प्रगणक को दक्ष बनाने हेतु प्रशिक्षण दी जा रही है। यह देश के नीति निर्धारण, योजनाओं का निर्माण एवं विकास के लिए जरूरी है। प्रगणक घर-घर जाकर लोगों से 34 प्रश्न पूछेंगे जो कि गोपनीय होगा। जनगणना कार्य हेतु आम नागरिकों से सही डेटा की जानकारी देने की अपील की गई। साथ ही साथ स्वगणना पोर्टल पर आम नागरिकों के लिए स्वगणना करने की अपील की गई। स्वगणना का सत्यापन प्रगणक करेंगे। जिसमें लोगों को एसईआईडी प्रगणक को देना होगा तभी उसका भौतिक रूप से सत्यापन प्रगणक कर सकेंगे। कोई भी व्यक्ति अपने परिवार की स्वगणना स्वगणना पोर्टल पर एस ईसेनसस.गोभ.इन. पर लॉगिन कर 1 मई तक कर सकते हैं लेकिन उनकी गणना का सत्यापन प्रगणक करेंगे। क्षेत्रीय प्रशिक्षक कुमुद रंजन, विकास कुमार, अभय कुमार एवं संदीप कुमार ने जनगणना 2027 की जानकारी देते हुए जनगणना के कानूनी पहलू पर भी विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही जनगणना की संकल्पनाएं और परिभाषाएं एच.एल.बी. हाउस लिस्टिंग ब्लॉक की सीमाओं का जमीनी सत्यापन विधि और ले आउट मैप की तैयारी, एचएलओ मोबाइल ऐप का इंस्टॉलेशन प्रक्रिया, अवलोकन और इसकी विशेषताएं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। श्री रंजन ने बताया कि पहली बार भारत में डिजिटल जनगणना हो रही है। द्वितीय चरण में व्यक्तियों की गणना होगी जो फरवरी में की जाएगी। इसमें अजय कुमार, अमरेश कुमार, अंकित कुमार, प्रदीप रंजन, रवि शंकर, सनोज कुमार, अभिमन्यु कुमार, अभिषेक आनंद, दर्शन कुमार, सुनील कुमार, पंकज कुमार, सुमन कुमारी, अनु कुमारी, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, रीता कुमारी, ममता कुमारी, संजू रानी, कमल रंजन, राम मोहन सिंह, संजीत कुमार जनगणना कोषांग प्रभारी विभाकर कुमार, सोनू कुमार, रविंद्र कुमार, धर्मशील कुमार सहित 80 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

## नवनिर्मित डिग्री कॉलेज बना नशेड़ियों का अड्डा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** अनुमंडल क्षेत्र के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा की उम्मीद जगाने वाला नवनिर्मित डिग्री कॉलेज अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। करोड़ों की लागत से बना यह भव्य भवन छात्रों की जगह अब नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का केंद्र बन चुका है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की टीम ने कॉलेज परिसर सर्वेक्षण अभियान चलाया। इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस भवन को छात्रों की कलम से रोशन होना था। उसे नशेड़ियों ने अंधेरे में धकेल दिया है। कॉलेज की सभी खिड़कियों के कांच टूटे हुए हैं।बहुत सारे (गेट) को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है और पूरे परिसर में भारी गंदगी फैली हुई है। ऐसा लगता है कि सरकार भवन बनाकर भूल गई है। सुरक्षा गार्ड की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने न केवल यहाँ नशाखोरी की है। बल्कि सरकारी संपत्ति को भी जमकर नुकसान पहुँचाया है। कमरों के अंदर शराब की बोतलें, सिगरेट के डब्बे, सुलेशन,सिरप और कचरा बिखरा पड़ा है। यदि करोड़ों की लागत से बनी इस संपत्ति का यही हाल रहा, तो यह जल्द ही खंडहर में तब्दील हो जाएगी। एबीवीपी बलिया के नगर मंत्री श्रीराम एवं खेलो भारत के जिला सह संयोजक धनंजय प्रियांशु ने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों का इस गंभीर विषय पर कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कॉलेज की टूटी खिड़कियां क्षतिग्रस्त गेट और फैला हुआ कचरा उनकी अनदेखी का जीता-जागता प्रमाण है। क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े, इसके लिए इस कॉलेज का निर्माण हुआ था। लेकिन जनप्रतिनिधियों की इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज यह परिसर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों की शरणस्थली बन गया है। एबीवीपी बलिया के नगर सह मंत्री मंगलेश मयंक एवं कोषाध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के वर्षों के संघर्ष के पश्चात ही बलिया में डिग्री कॉलेज का सपना साकार हो सका है लेकिन यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि के उदासीनता के कारण डिग्री कॉलेज में असामजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है अगर स्थानीय प्रशासन द्वारा इस विषय पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी। डिग्री कॉलेज सर्वेक्षण में एबीवीपी कार्यकर्ता नीतिश कुमार, गुलशन कुमार, प्रियांशु कुमार, रौशन कुमार आदि शामिल थे।

## वाहन जांच अभियान चला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने बदमाशों पर नकेल कसने तथा अपराध पर नियंत्रण हेतु एसडीपीओ कुंदन कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नावकोठी थाना मुख्य द्वार, मुखिया जी चौक पहसारा के करीब वाहन चेकिंग अभियान में दर्जनाधिक चार पहिया वाहन, दो पहिया वाहन के डिक्की की तलाशी ली गई। हेलमेट सहित सभी कागजातों की जांच की गई। आयोजित वाहन चेकिंग अभियान के तहत ट्रीपल लोडेड बाइक सवार, बिना नंबर प्लेट की गाड़ी, छोटी, बड़ी 45 वाहन के कागजात सहित अन्य बिन्दुओं की जांच कर चलाना काटा गया। आगामी भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। उनतीस हजार रुपए जुर्माना की राशि का चालान काटा गया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह, थानाध्यक्ष मो फिरदौस, एस आई रंजीत कुमार, अंकिता कुमारी तथा सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## अगलगी में चार घर जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के समसा गांव में शनिवार देर रात भीषण अगलगी की घटना में चार घर जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब सात लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। पीड़ितों में गरीब साह की पत्नी रामदाय देवी, देवन साह की पत्नी सीता देवी, रंजीत महतो की पत्नी नूतन देवी तथा दामोदर महतो के पुत्र संजीत महतो शामिल हैं। पंचायत समिति सदस्य रंजीत महतो ने बताया कि सभी लोग रात में भोजन कर सोए हुए थे। तभी अचानक ग्रामीणों के शोर सुनकर बाहर निकले तो रामदाय देवी के घर से तेज आग की लपटें उठती दिखीं। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पास के अन्य तीन घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने नल-जल आपूर्ति पंप और घरों में लगे मोटरों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, लेकिन पाइप घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाने के कारण प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं हो सका। अगलगी में बथान पर बंधी एक दुधारू गाय भी बुरी तरह झुलस गई। जिसका इलाज पशु चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा किया गया। आग में घर में रखा अनाज, कपड़े, चौकी, बर्तन, भूसा, दो साइकिल और टेंट हाउस की कुर्सियां जलकर नष्ट हो गईं।घटना के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने पर मुखिया अभिषेक कुमार पिंटू, सरपंच बाबू साहेब कुंवर, पंसस गौतम गोस्वामी, मनीष पाठक, कपिल देव पोद्दार, रानी गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

## कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से जमालपुर पुलिस मुंगेर जमालपुर मुख्य मार्ग पर सघन चेकिंग तथा बाहरी लोगों के लिए सत्यापन अभियान पर है। नियमों का उल्लंघन करने वाले एक दर्जन से ऊपर चालकों पर कार्रवाई की है। मुंगेर जमालपुर मुख्य मार्ग पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल ऑटो टोटो एवं फोर व्हीलर वाहनों की जांच करते हुए उनका चालान भी किया। वाहन जांच के बारे में थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर इस तरह का वाहन जांच नियमित रूप से एक प्रक्रिया के तहत चलता रहता है। इस समय समय पर इस तरह के वाहन जांच को विस्तार पूर्वक चलाया जाता है जिस की विधि व्यवस्था के के साथ साथ अपराध नियंत्रण में मजबूती मिलती है। चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की। साथ ही क्षेत्र में संदिग्ध एवं बाहरी व्यक्तियों से गहन पूछताछ कर उनके पुलिस सत्यापन की जांच भी की गई। चेकिंग अभियान में अपर थानाध्यक्ष टीपू सुल्तान, एसआई कंचन यादव, रमेश, उदय, सत्तो पासवान आदि थे।

## जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तहत सखी वार्ता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला महिला एवं बाल विकास निगम के गढ़पुरा परियोजना के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या-43 में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तहत सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अन्नप्राशन, पोषण पखवाड़ा के तहत गोद भराई एवं बच्चों के जन्मदिन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना, गढ़पुरा के पदाधिकारी अनूप कुमार जायसवाल सहित जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के जिला मिशन समन्वयक राज कुमार सिन्हा एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ सुजीत कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं एवं महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिनमें पोषण पखवाड़ा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, बाल विवाह निषेध, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम जागरूकता तथा वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाएं शामिल रहीं। अपने संबोधन में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने महिलाओं को कम बजट में संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्हें परिवार के बुजुर्गों के साथ समय बिताने तथा प्राकृतिक वातावरण से जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही बाल विवाह की कुप्रथा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। जिसे रोकने के लिए समाज में व्यापक जागरूकता आवश्यक है। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ द्वारा नशा मुक्ति पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार एवं समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने नशे की लत से बचाव के उपायों एवं सरकार द्वारा संचालित संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, साइबर क्राइम से बचाव एवं वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पोषण पखवाड़ा एवं बाल विवाह उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर गढ़पुरा परियोजना की महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविकाएं एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक सहभागिता एवं जागरूकता के संदेश के साथ किया गया।

## बाक पंचायत का मंगरा पोखर बनेगा पर्यटन स्थल



**बैठक से संबंधित**

- एक करोड़ की लागत से बनेगा सूर्य मंदिर, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा
- दोनों ओर बनेगी सीढ़ी, पोखर की सुंदरता में लगेगा चार चांद
- मुखिया तथा प्रमुख प्रतिनिधि ने किया भूमि पूजन
- छठ व्रतियों की भीड़ को देखते हुए बढ़ाई जा रही सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** जिले के ऐतिहासिक मंगरा पोखर (बांक) को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए मुखिया डेजी देवी तथा प्रमुख प्रतिनिधि जय राज गौतम ने कमर कस लिया है। लोक आस्था का महापर्व छठ के मौके पर श्रद्धालुओं की उमरती भीड़ तथा सूबे बिहार में पर्यटन के मानचित्र पर ऐतिहासिक मंगरा पोखर को स्थापित करने के लिए 01 करोड़ रुपए की लागत से पोखर के बीचो-बीच भव्य सूर्य मंदिर बनाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से बांक पंचायत सहित जिले वासियों में खुशी देखी जा रही है। मुंगेर जिलें के जमालपुर प्रखंड अंतर्गत बांक पंचायत के मंगरा पोखर, संदलपुर में रविवार को 01 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भव्य सूर्य मंदिर का भूमि पूजन मुखिया डेजी देवी तथा प्रमुख प्रतिनिधि जयराज गौतम के द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार व अनुष्ठान से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

**श्रद्धालुओं की मांग पर लिया गया निर्णय, ऐतिहासिक कदम**

प्रमुख प्रतिनिधि जयराज गौतम ने बताया कि मंगरा पोखर छठ महापर्व के दौरान आस्था का बड़ा केंद्र बन जाता है। हर साल छठ पर हजारों व्रती और श्रद्धालु यहां भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। लंबे समय से श्रद्धालुओं की मांग थी कि पोखर के बीचो-बीच भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जाए। जनता की भावना और आस्था का सम्मान करते हुए पंचायत वासियों की ओर से 01 करोड़ की लागत से मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया है। मंदिर तक पहुंचने के लिए दोनों तरफ से सीढ़ियों का निर्माण भी कराया जाएगा। श्री गौतम ने आगे कहा कि सूर्य मंदिर के निर्माण से मंगरा पोखर की सुंदरता में चार चांद लगेगा। मंदिर बनने के बाद न केवल छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना में सुविधा होगी, बल्कि यह स्थल पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित होगा। पूरे इलाके के लिए यह गौरव की बात है। उन्होंने भरोसा दिया कि निर्माण कार्य को समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यगण और ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण पर खुशी जताई हैं। लोगों का कहना है कि सूर्य मंदिर बनने से मंगरा पोखर की पहचान धार्मिक स्थल के रूप में उभर कर सामने आएगी।

## डीआरएम के निर्देश के बाद रेलवे ट्रैक पर तेजी से शुरू हुआ मेंटेनेंस कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** मालदा मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के जमालपुर कियूल रेलखंड पर निरीक्षण के दौरान मिले दिशा निर्देश के तहत रेलवे ट्रैक पर मेंटेनेंस कार्य में तेजी से होता दिखने लगा है। रविवार को रेलवे बड़ी पुल के समीप पीडब्ल्यूई के कर्मचारियों ने ट्रैक पर सावधानी पूर्वक मरम्मती एवं रखरखाव कार्य करते देखे गए। ट्रैकों ट्रैक पर चल रहे रखरखाव एवं मरमत कार्य के बारे में संबंधित पदाधिकारी ने बताया कि कार्यों का उद्देश्य ट्रेनों की गति बढ़ाना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और परिचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करना



होता है। उन्होंने यह भी बताया कि मानसून या गर्मियों के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटरियों की पैकिंग, गिट्टी की सफाई और फिशप्लेट की जांच की जाती है। यह प्रक्रिया नियमित रूप से होने वाले 'ट्रैक रिकॉर्डिंग रन' के बाद की जाती है ताकि पटरियों की गुणवत्ता की जांच की जा सके और किसी भी खराबी को तुरंत ठीक किया जा सके।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**अमरपुर।** इंग्लिशमोड़ शंभूगंज मुख्य मार्ग में डोमो गांव के समीप रविवार एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक किशोर सहित दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरडीह निवासी सिंटू यादव के 13 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार जिद कर घर से बाइक की चाबी लेकर निकल पड़ा, उसके साथ बहन ब्यूटी कुमारी और वीरेंद्र यादव की पुत्री श्वेता कुमारी भी सवार थी। डोमो गांव के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखी लकड़ी से टकरा गई। जिसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से सभी को दिन के करीब 3:00 बजे रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्वेता कुमारी और ब्यूटी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। जबकि निशांत कुमार का उपचार जारी है। यह घटना हमे यह सीख देती है कि माता-पिता को नाबालिग बच्चों को बाइक चलाने से रोकना चाहिए नहीं तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

# आज मुंबई इंडियंस पर बने दबाव का फायदा उठाने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है।

इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है।

सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सूर्यकुमार ने भले ही एक अर्धशतक लगाया है लेकिन उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। दूसरी तरफ तिलक बेहद खराब फॉर्म में हैं और पांच पारियों में सिर्फ 43 रन ही बना पाए हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन भी कुछ खास अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने चार मैचों में सिर्फ 81 रन बनाए हैं, जिससे मुंबई की बल्लेबाजी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

मुंबई की समस्या केवल बल्लेबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसके गेंदबाज भी नहीं चल पा रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी तक विकेट नहीं ले पाना उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने भले ही किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बल्लेबाज उनके सामने जोखिम लेने से बचते हुए उन्हें आसानी से खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट नहीं ले पाए हैं जबकि हार्दिक भी गेंदबाजी में कोई कमाल नहीं दिखा पाए हैं। उनके स्पिनरों के प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है।

हर बल्लेबाज रोहित शर्मा के चोटिल होने से मुंबई की समस्या और बढ़ गई है। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे और पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके विपरीत गुजरात टाइटन्स ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं।

ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।

### टीमें

**गुजरात टाइटंस** – शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**मुंबई इंडियंस** – हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

**समय** – शाम 7-30 बजे

## धोनी की चोट पर सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा जल्दी वापसी करेंगे



**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के दौरान महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर उम्मीद जताई है। यह पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभी तक आईपीएल 2026 में नहीं खेल पाए है, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। हालांकि यह दाएं हाथ का बल्लेबाज नेट सेशन कर रहा है, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह सीएसके की प्लेइंग 11 में कब वापसी करेंगे। शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन से हारने के बाद सीएसके के बैटिंग कोच हसी ने मैच के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धोनी रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और एक कोच के तौर पर वह उनकी बल्लेबाजी से संतुष्ट हैं। हसी ने कहा, वह अपने रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। और देखिए, मैं एक बैटिंग कोच हूं और मैं खुश हूं कि वह किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं। हसी ने कहा कि धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वह उनकी फॉर्म से संतुष्ट हैं। हसी ने बताया कि धोनी के ठीक होने का मुख्य मकसद दौड़ने की फिटनेस और गति को बेहतर बनाना है, खासकर पारी के आखिरी ओवरों में विकेटों के बीच तेजी से रन बनाने के लिए। हसी ने कहा कि उन्हें धोनी की वापसी की सही तारीख तो नहीं पता, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही वापसी करेंगे। सीएसके के बैटिंग कोच ने कहा, जैसा कि आपने कल ट्रेनिंग में देखा, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह अपनी बल्लेबाजी के मौजूदा स्तर से काफी खुश थे। वह अभी बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर काम कर रहे हैं, क्योंकि अगर उन्हें पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करनी है, तो उन्हें दो रन और इस तरह के अन्य रन लेने के लिए तेजी से दौड़ना होगा। उन्हें बस अपनी दौड़ने की क्षमता पर भरोसा जगाने और अपनी गति बढ़ाने की जरूरत है। मुझे नहीं पता कि वह कब खेलेंगे, लेकिन मुझे उम्मीद है कि सभी फैंस की तरह मैं भी चाहता हूं कि वह जल्द से जल्द वापसी करें।

### पीसीआई का बड़ा फैसला

## उत्पीड़न के आरोपों के बाद नीरज चोपड़ा के जेवलिन कोच बर्खास्त



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पैरालंपिक कमेटी आफ इंडिया पीसीआई ने बड़ा कदम उठाते हुए कोच नवल सिंह को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल द्वारा लगाए गए मानसिक उत्पीड़न के आरोपों और अन्य खिलाड़ियों की शिकायतों के बाद की गई, जिसमें नीरज चौपड़ा का नाम भी सामने आया।

**सुमित अंतिल ने लगाए गंभीर आरोप** – सुमित अंतिल ने नवल सिंह पर मानसिक प्रताड़ना और अपशब्द कहने के आरोप लगाए थे। उन्होंने इस मामले की शिकायत स्पोर्ट्स ऑथोराइट्स आफ इंडिया (साई) से भी की थी। अंतिल ने कहा कि कोच का व्यवहार खिलाड़ियों के लिए असहज और अपमानजनक था।

**पीसीआई अध्यक्ष ने दी जानकारी** –पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा- शिकायतें मिलने के बाद हमने तुरंत संज्ञान लिया। एथलीटों को अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया गया। आरोप गंभीर थे और शुरुआती सबूत भी मिले, जिसके बाद आपात बैठक में नवल सिंह को हटाने का फैसला लिया गया।

**अन्य खिलाड़ियों ने भी की शिकायत** – सिर्फ सुमित अंतिल ही नहीं, बल्कि अन्य खिलाड़ियों ने भी नवल सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नीरज चौपड़ा का नाम भी सामने आया, जिनके साथ कथित तौर पर गलत व्यवहार किया गया।

**मानसिक उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के आरोप** – सुमित अंतिल ने आरोप लगाया- नवल सिंह ने हमारा मानसिक उत्पीड़न किया और मेरे व नीरज के परिवार के साथ भी दुर्व्यवहार किया। वह जानबूझकर अपमानजनक बातें रिकॉर्ड कर टीम मैनेजमेंट के साथ साझा करते थे।

**आपात बैठक के बाद लिया गया फैसला** – पीसीआई ने सभी शिकायतों और मौखिक सुनवाई की समीक्षा के बाद आपात बैठक बुलाई। जांच में शुरुआती स्तर पर आरोप सही पाए जाने के बाद कमेटी ने सर्वसम्मति से नवल सिंह को तुरंत हटाने का निर्णय लिया।

**कोचिंग करियर पर लगा ब्रेक** – द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित नवल सिंह 2015 से कोचिंग कर रहे थे और हाल ही में एथलीट सचिन यादव को ट्रेनिंग दे रहे थे।

# अगरकर का कार्यकाल बढ़ा, 2027 वनडे वर्ल्डकप तक टीम चुनेंगे

### इनके रहते में भारत ने 3 आईसीसी खिताब जीते; रोहित-कोहली जैसे दिग्गजों का संन्यास

**मुंबई (एजेंसी)।** बीसीसीआईमने चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप तक इस पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि अगरकर का कार्यकाल रिन्यू किया गया है, एक्सटेंड नहीं। वे अपनी परफॉर्मेंस के आधार पर चौथे साल के लिए पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक, सिलेक्टर अधिकतम चार साल तक पद पर रह सकता है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि अगरकर ने खुद बीसीसीआई से अपना कार्यकाल 2027 वनडे वर्ल्ड कप बढ़ाने की मांग की थी। बोर्ड ने 2023 में दो साल के लिए अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाया था। 2025 में उन्हें पहले ही एक साल का एक्सटेंशन मिल चुका था। अब उनका कार्यकाल 2027 तक के लिए रिन्यू किया जा रहा है। इस तरह अगरकर कुल चार साल चीफ सिलेक्टर रहेंगे।



### कार्यकाल में भारत के नाम दो टी-20 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी

अजित अगरकर का अब तक का कार्यकाल बेहद सफल रहा। अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच उनके द्वारा चुनी गई भारतीय टीमों ने चार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में जगह बनाई। इनमें से भारत ने तीन खिताब अपने नाम किए। 2024 और 2026 में दो टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**कोहली-रोहित के संन्यास और शमी को बाहर करने जैसे कड़े फैसले** – अगरकर की अगुवाई वाली कमेटी ने कई कड़े और बड़े फैसले लिए। इसमें सबसे प्रमुख विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को संभालना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना था। वहीं 2026 टी-20 वर्ल्ड कप टीम से टेस्ट और वनडे कैप्टन शुभमन गिल को ड्रॉप करके ईशान किशन जैसे इन-फॉर्म खिलाड़ी को मौका देने जैसे बड़े फैसले भी लिए।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए कंटिन्यूटी पर फोकस** – अगला वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होना है। बीसीसीआई चाहता है कि टीम की कोर और चयन प्रक्रिया में स्थिरता बनी रहे। अगरकर का कार्यकाल बढ़ने का मतलब है कि वे अगले वर्ल्ड कप के लिए टीम तैयार करने के मिशन पर काम जारी रखेंगे। बोर्ड का मानना है कि इस समय चयन समिति के नेतृत्व में बदलाव करना टीम की लय को बिगाड़ सकता है।

## आयुष म्हात्रे के हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि

### सीएसके कोच ने कहा – यह काफी गंभीर लग रही है

**हैदराबाद (तेलंगाना) (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बैटिंग कोच माइकल हसी ने बताया कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव ( आ गया है और यह काफी गंभीर लग रही है। शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के मैच के दौरान 18 साल के इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को विकेटों के बीच दौड़ते समय परेशानी का सामना करते देखा गया था।



मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में माइकल हसी ने पुष्टि की कि आयुष म्हात्रे को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। उन्होंने कहा कि स्कैन होने तक चोट की गंभीरता के बारे में ठीक-ठीक कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन उन्होंने माना कि यह गंभीर लग रही है और खिलाड़ी की अच्छी फॉर्म को देखते हुए यह टीम के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। माइकल हसी ने कहा, यह हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। पता नहीं यह कितना गंभीर है। हम शायद कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे। मुझे पक्का नहीं पता, लेकिन हां, यह काफी गंभीर लग रही है। बदकिस्मती से, उसका बाहर होना टीम के लिए एक बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में था। सीएसके यह मैच एसआरएच से 10 रनों से हार गई, लेकिन आयुष म्हात्रे ने सिर्फ 13 गेंदों में 30 रनों की तेज पारी खेलकर सबको प्रभावित किया। वह इससे पहले भी शानदार फॉर्म में थे; उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 17 गेंदों में 38 रन बनाए थे और इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 59 और पंजाब किंग्स के खिलाफ 73 रनों की यादगार पारियां भी खेली थीं।

## सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको को हराकर कोपा डेल रे का खिताब जीता

**सेविले (स्पेन) (एजेंसी)।** रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा, यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।



## अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम की शानदार वापसी, सीरीज 2-2 से ड्रॉ

**ब्यूनर्सआयर्स (एजेंसी)।** ब्यूनस आयर्स में खेली गई चार मैचों की श्रृंखला में भारतीय महिला हॉकी टीम ने दमदार जज्बा दिखाते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी करते हुए आखिरी दो मैच जीतकर सीरीज ड्रॉ कर ली। इस प्रदर्शन ने टीम की मानसिक मजबूती और जुझारूपन को दर्शाया।



**पहले दो मैचों में अर्जेंटीना का दबदबा** – श्रृंखला की शुरुआत 13 अप्रैल को हुई, जहां पहले मैच में अर्जेंटीना ने भारत को 4-2 से हराया। भारत के लिए नवनीत कौर और अन्नु ने गोल किए, लेकिन मेजबान टीम की आक्रामकता के सामने यह नाकाफी साबित हुआ। जूलिएटा जांकुनास ने दो गोल दागकर मैच का रुख तय किया। दूसरे मैच में भी अर्जेंटीना ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत के लिए इशिका ने एकमात्र गोल किया, जबकि आगस्टिना गोर्जेलानी ने दो गोल कर अपनी टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाई। इस हार के बाद भारत पर सीरीज गंवाने का खतरा मंडराने लगा था।

**तीसरे मैच से भारत की दमदार वापसी**– 16 अप्रैल को खेले गए तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। नवनीत कौर और नेहा ने गोल कर टीम को मजबूती दी। इस जीत ने भारत को सीरीज में वापसी का मौका दिया और खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया। भारतीय टीम ने इस मैच में आक्रामक और संतुलित खेल दिखाया, जिससे अर्जेंटीना की टीम दबाव में नजर आई।

**आखिरी मैच में शूटआउट से जीती टीम इंडिया** – 17 अप्रैल को खेले गए चौथे और आखिरी मैच में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को कोई मौका नहीं दिया।

# अगर आप कहें तो रिटायर हो जाऊं

## पाकिस्तान बल्लेबाज मो.रिजवान ने खराब फॉर्म पर तोड़ी चुप्पी

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद रिजवान ने खराब फॉर्म को लेकर हो रही आलोचना पर खुलकर बात की है। पीएसएल 2026 में टीम के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद रिजवान ने माना कि उनकी मौजूदा फॉर्म टी20 टीम में जगह के लायक नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया कि वह हार मानने वाले नहीं हैं।

### फॉर्म को लेकर खुद पर उठाए सवाल

रिजवान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने पहले भी स्वीकार किया था कि खराब प्रदर्शन के आधार पर वह टीम में जगह के हकदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, जब मैं बिग बैश लीग खेल रहा था, तब भी मैंने कहा था कि इस प्रदर्शन के आधार पर मैं पाकिस्तान टीम में जगह डिजर्व नहीं करता। लोग कहते थे कि मैं छक्के नहीं मार सकता, लेकिन मैं हमेशा सच बोलता हूं।



- **हारिस रऊफ को भी कही थी यही बात** – रिजवान ने खुलासा किया कि उन्होंने हारिस रऊफ से भी यही बात कही थी। उन्होंने कहा, हारिस रऊफ यहां बैठे हैं, वह गवाह हैं। हमने डिनर के दौरान बात की थी और मैंने उनसे भी कहा था कि मेरी मौजूदा फॉर्म के आधार पर मुझे टीम में नहीं होना चाहिए।
- **अगर आप कहें तो रिटायर हो जाऊं** – रिजवान ने साफ कहा कि वह मुश्किल सवालों से नहीं डरते और अगर लोग उन्हें रिटायर होने की सलाह देते हैं, तो वह इस पर भी विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, हम सब इंसान हैं। मैंने अपनी गलतियां मानी हैं। अगर आप सोचते हैं कि मुझे इस उम्र में रिटायर हो जाना चाहिए, तो मैं रिटायर हो जाऊंगा।

### हार नहीं मानेंगे, वापसी का किया वादा

खराब फॉर्म के बावजूद रिजवान ने वापसी का भरोसा जताया और कहा कि क्रिकेट ही उनकी पहचान है। उन्होंने कहा, क्रिकेट मेरा जुनून है। मैं इससे दूर नहीं जा सकता। अभी मैं फेल हुआ हूं, शायद मेहनत कम थी, लेकिन मैं और मेहनत करके वापसी करूंगा।

### आंकड़ों में गिरावट साफ

- रिजवान का हालिया प्रदर्शन उनके संघर्ष को दर्शाता है-
- 2025- 14 पारियों में 242 रन, औसत 17.28, स्ट्राइक रेट 107
- पीएसएल 2026- 7 पारियों में 107 रन, औसत 15.28
- टी-20 टीम से दिसंबर 2024 से बाहर
- हालांकि टेस्ट क्रिकेट में उनके पास वापसी का मौका है, जहां पाकिस्तान जल्द ही बांग्लादेश दौरे पर जाएगा।

# संस्कृत शिक्षा का होगा विस्तार और सुदृढ़ीकरण : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने कहा है कि कम समय में ही उन्होंने बहुत कुछ परिवर्तन लाया है। बोर्ड की पाठ्य पुस्तकों में भी बदलाव लाया जाएगा। उन्होंने यह बात यहां भखरुआं में कही। भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी के नेतृत्व में चाणक्य युवा संघ के अध्यक्ष भास्कर तिवारी के आवास पर बुके और अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्विनी तिवारी ने की जहां स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। श्री झा ने कहा कि दाउदनगर-औरंगाबाद क्षेत्र प्राचीन परंपराओं और ऊर्जावान लोगों की भूमि है। उन्होंने संस्कृत शिक्षा के विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार में वर्तमान सरकार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है और संस्कृत शिक्षा को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हाल में आयोजित संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में पिछली बार की तुलना में दोगुने छात्रों ने भाग लिया। इस वर्ष कुल 23,600 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 87.5 प्रतिशत परिणाम रहा। साथ ही पहली बार पूरक परीक्षा का आयोजन किया गया, ताकि असफल छात्रों को पुनः अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि राज्य में करीब 4,500 प्रस्तावित संस्कृत विद्यालय हैं। इन विद्यालयों को स्वीकृति मिलने के बाद शिक्षकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही नए विद्यालय खोलने के इच्छुक लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करना होगा। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप नया पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है, जिसमें कर्मकांड, वास्तु शास्त्र, योग और विभिन्न व्यावसायिक विषयों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा श्रीरामचरितमानस और भगवद्गीता जैसे ग्रंथों को भी पाठ्यक्रम में जोड़ा जाएगा। संस्कृत विद्यालयों के लिए अलग से नई पुस्तकों का निर्माण भी कराया जाएगा, जिसे देश-विदेश के विद्वानों के सहयोग से तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. अरविंद कुमार, ब्रजेश तिवारी, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, संजय शर्मा, डॉ. दिनेश वर्मा, प्रहलाद प्रसाद, सत्यम पटेल, संजय पासवान, नीरज पांडेय, सुनील दुबे, पवन दुबे, अंकुश कुमार, अंजन कुमार, धीरज कश्यप, अमन कश्यप, प्रिंस पाठक, मनु मिश्रा, लक्ष्मण पासवान, छत्तीस राय, अंकुश कुमार राय, विजय पासवान, रंजीत प्रजापति, मोहन दुबे और राजेश तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# करंट से बिजलीकर्मी की मौत, सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर थाना अंतर्गत रुनिया गांव में रविवार सुबह विद्युत कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पड़रिया गांव निवासी 45 वर्षीय उमेश सिंह के रूप में की गई है, जो पिछले करीब 15 वर्षों से मदनपुर बिजली कार्यालय में लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार रुनिया गांव में ट्रांसफर्मर खराब हो गया था जिसे ठीक करने के लिए उमेश सिंह पोल पर चढ़कर मरम्मत कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक विद्युत प्रवाहित होने लगी और वे करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वे पोल पर ही अचेत हो गए और कुछ ही क्षणों में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। जैसे ही हादसे की खबर परिजनों तक पहुंची घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने जीटी रोड को जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि यह घटना विभाग की लापरवाही के कारण हुई है। उनका कहना है कि बिना समुचित सुरक्षा व्यवस्था और लाइन बंद किए ही कर्मी को पोल पर चढ़ा दिया गया जिससे यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलने पर मदनपुर बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेंदू, बेरी मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह, खिरियावां मुखिया रंजीत यादव, पैक्स अध्यक्ष अनुज सिंह, पंचायत समिति सदस्य अभिनव कुमार सिंह आदि घटनास्थल पर पहुंच प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया परंतु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीण वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने की मांग पर अड़े है। हालांकि प्रशासन की टीम लगातार ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुटी है। गांव में इस घटना के बाद मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# सोन पुल से गिरने के कारण शिक्षक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून थाना क्षेत्र के एनएच-19 स्थित सोन पुल से गिरकर एक सरकारी शिक्षक शंभू प्रसाद की मौत हो गई। मृतक की पहचान मानपुर प्रखंड के भोरे गांव निवासी ईश्वरी दयाल के पुत्र शंभू प्रसाद(45) के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार शंभू प्रसाद अपने गांव से दोस्त विजेंद्र प्रसाद की बेटी के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए रोहतास जिले के तिलौथू बाजार जा रहे थे। अन्य लोगों के साथ यात्री बस में सवार थे। रास्ते में भीषण जाम लग गया जिसके कारण बस काफी देर तक धीरे-धीरे फंसी रही। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बस बारून बाजार से सोन पुल तक पहुंची। जाम की स्थिति ऐसी थी कि बस लंबे समय तक पुल पर ही खड़ी रही। गर्मी और घुटन के कारण बस में बैठे कई यात्री नीचे उतर गए। शंभू प्रसाद भी बस से उतरकर पुल पर टहलने लगे। इसी दौरान अचानक पुल पर रखा लोहे का एक स्लैब खिसक गया जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया। सीधे सोन नदी में जा गिरे जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। देर रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के दोस्त विजेंद्र प्रसाद ने बताया कि शंभू मध्य विद्यालय में शिक्षक थे।

# जाति-वर्ग के नेता नहीं राष्ट्र निर्माता थे डॉ. भीमराव अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती रविवार को चिल्हकी हाई स्कूल खेल मैदान में अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब और गौतम बुद्ध के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग और प्रबुद्ध नागरिक एकत्र हुए। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने कहा कि बाबा साहेब केवल एक जाति या वर्ग के नेता नहीं थे बल्कि वे पूरे राष्ट्र के निर्माता थे, जिन्होंने देश को समानता का अधिकार देने वाला संविधान दिया। समारोह के दौरान एक स्वर में प्रखंड मुख्यालय परिसर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठी। उपस्थित लोगों का कहना था कि प्रखंड मुख्यालय विकास और प्रशासन का केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों लोग आते हैं। यहां प्रतिमा होने से आने वाली पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार, जिला पार्षद सुरेंद्र यादव, बीडीओ प्रियांशु बसु, कांग्रेस अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय राम, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष करण पासवान, रविंद्र कुमार दानिका, मुखिया मंजीत यादव, गौरव पासवान, सरुण पासवान, मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र पासवान, पंचायत समिति प्रतिनिधि प्रवीण कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, बैजनाथ मेहता, जैनेन्द्र कुशवाहा, विनय कुमार गुप्ता कंचन प्रज्ञा आदि उपस्थित थे।

# दुकानदार ने फांसी लगा की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के पौथु थाना क्षेत्र के बाजार इलाके में 19 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पौथु बाजार निवासी शिव शंकर साव के बेटे धीरज कुमार के रूप में की गई है। शनिवार की रात धीरज अपने बड़े भाई रंजीत के साथ किराना दुकान बंद कर घर लौटा था। दोनों भाइयों ने साथ में खाना खाया और अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह जब काफी देर तक धीरज अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को चिंता हुई। कई बार दरवाजा खटखटाने के बावजूद जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। धीरज कमरे में फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है और सबूत जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है।

# अवैध हथियार व गोली के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पौथु थाना की पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल एवं मैगजीन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के रामपुर परसिया गांव निवासी लालबाबू कुमार एवं शाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मेन्द्र कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष विनय कृष्णा को सूचना मिली कि रामपुर परसिया में इन दोनों युवकों द्वारा हथियार का भय दिखाकर लोगों में दहशत पैदा किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु औरंगाबाद पुलिस के द्वारा ग्राम रामपुर परसिया में विधिवत छापामारी किया गया। पुलिस के द्वारा लालबाबू कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें लालबाबू ने हथियार छुपाकर रखने की बात स्वीकार की। इसके बाद उसकी निशानदेही पर शाहपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार के घर से एक पिस्टल बरामद किया गया एवं बरामद हथियार को विधिवत जब्त करते हुए लालबाबू को विधिवत गिरफ्तार किया गया। तत्पश्चात आसूचना के आधार पर धर्मेंद्र कुमार को भी पौथु थाना मोड़ से विधिवत गिरफ्तार किया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपियों को न्यायिक हिरासत में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में 83 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इसी क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 83 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 12 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट में 2, पॉक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 37, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 39 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 275.20 लीटर देसी, 3.750, एक बाइक, एक कार, एक ट्रक, 800 सीएफटी कोयला बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1774 वाहनों की जांच की गई जिसमें 211500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा साईबर थाना की 3000 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6963 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 19 अप्रैल तक जिले में कुल नए 173 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 6 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क, होटल स्काई व्यू प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में दिनांक 19 अप्रैल को प्राप्त कुल 14 शिकायतों में से 12 का निष्पादन कर दिया गया है जबकि 02 प्रक्रियाधीन है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को फ़ेसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पौथू थाना क्षेत्र के कुसमी फ़ेसरा गांव निवासी आफताब आलम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार फ़ेसर थाना क्षेत्र के ठाकुरबाड़ी चौक पर शनिवार की देर शाम वाहन जांच की जा रही थी, इसी क्रम में बाइक सवार एक युवक को रोककर आवश्यक दस्तावेज की मांग की गई जबकि वह संबंधित कागज़ात प्रस्तुत नहीं कर सका। संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर आरोपी को थाना लाया गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

# चाल्हो पहाड़ से अवैध हथियार व कारतूस के साथ शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कामयाबी हासिल की। सूचना के आधार पर सलैया थाना अंतर्गत पिरवा गांव स्थित चाल्हों पहाड़ के आस-पास चलाए गए विशेष तलाशी अभियान में हथियार, कारतूस एवं देसी शराब का जखीरा बरामद किया गया। पुलिस प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 19 अप्रैल 2026 को सूचना मिली कि पीरवा गांव के पास चाल्हों पहाड़ के इलाके में अपराधियों ने हथियार और शराब छिपा रखें है। इसके बाद सलैया पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने पहाड़ पर पत्थरों के बीच छिपाकर रखे गए दो देसी थर्नेट आर्म्स, दो जिंदा कारतूस एवं 50 लीटर देसी शराब बरामद की गई है। आशंका है कि इन हथियारों का इस्तेमाल आपराधिक घटनाओं या अवैध शराब कारोबार की सुरक्षा में किया जाना था। मामले में कांड दर्ज कर पुलिस अब यह पता लगा रही है कि हथियार-शराब किसके द्वारा और किस मकसद से छिपाए गए थे। क्षेत्र के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चाल्हों पहाड़ का इलाका बीहड़ और सुनसान है। आस-पास घनी झाड़ियां और बड़े पत्थर होने के कारण अपराधी अक्सर इसे हथियार व शराब छिपाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल भी इसी क्षेत्र से एक देसी रायफल बरामद हुई थी। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि नक्सलियों के गतिविधियों पर अंकुश लगाएं जाने के साथ-साथ मादक प्रदार्थों के खरीद फरोख्त के खिलाफ चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस कार्रवाई से शराब तस्करों व नक्सलियों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के फलस्वरूप दो देसी थर्नेट आर्म्स, दो जिंदा कारतूस एवं 50 लीटर देसी शराब बरामद की गई। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।




# सुरों की साधिका अंजली सिंह : गांव की माटी से राष्ट्रीय मंच तक की प्रेरक यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले की धरती एक बार फिर अपनी प्रतिभा पर गर्व कर रही है। धनिबार गांव की बेटी अंजली सिंह ने अपने अथक परिश्रम, समर्पण और संगीत के प्रति अटूट लगाव से यह साबित कर दिया है कि सच्ची साधना किसी भी सीमित संसाधन को पीछे छोड़ सकती है। 13 सितंबर 2001 को औरंगाबाद में जन्मी अंजली सिंह, हरिनारायण सिंह और सुनीता देवी की सुपुत्री हैं। बचपन से ही ननिहाल में पली-बढ़ीं अंजली के भीतर संगीत के स्वर मानो जन्मजात थे। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने बी.एल. इंडो एंग्लियन पब्लिक स्कूल से 2017 में मैट्रिक उत्तीर्ण कर पूरी की जबकि 2019 में बिहार बोर्ड से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद 2022 में स्नातक (बी.ए.) की डिग्री हासिल कर उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ अपने संगीत-सफर को भी मजबूती दी। संगीत के प्रति उनका झुकाव मात्र रुचि नहीं बल्कि एक तपस्या बन गया, जब 2018 में उन्होंने औरंगाबाद स्थित दानिका संगीत महा महाविद्यालय में प्रवेश लिया। यहां गुरुदेव डॉ. रवीन्द्र सर के सान्निध्य में उन्होंने संगीत की विधिवत शिक्षा आरंभ की। गुरु-शिष्य परंपरा की इस साधना ने अंजली के स्वर को न केवल परिष्कृत किया, बल्कि उन्हें मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत होने की कला भी सिखाई। लगातार आठ वर्षों से इस संस्थान से जुड़ी अंजली ने संगीत की शिक्षा के साथ-साथ 2024 में बी.एड. की डिग्री भी प्राप्त की और वर्तमान में संगीत विषय में एम.ए. की पढ़ाई कर रही हैं। यह उनके बहुआयामी व्यक्तित्व का प्रमाण है कि वे शिक्षा और कला—दोनों क्षेत्रों में समान रूप से उत्कृष्टता हासिल कर रही हैं। अंजली की उपलब्धियाँ उनके संघर्ष और प्रतिभा की सशक्त गवाही देती हैं। लोकगीत के क्षेत्र में उन्होंने 2023 में बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त कर बेंगलुरु में देश के प्रधानमंत्री के समक्ष होली गीत की प्रस्तुति दी, जहाँ राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें चौथा स्थान मिला। यह क्षण न केवल उनके लिए बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय बना। साल 2024 में जिला स्तरीय युवा उत्सव में उन्होंने भजन (सुगम संगीत) में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। उपशास्त्रीय संगीत में उनकी विशेष रुचि है, विशेषकर ठुमरी गायन में। इसी प्रतिभा के दम पर जुलाई 2022 में रांची स्थित दूरदर्शन केंद्र पर उन्होंने ठुमरी और भजन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे व्यापक सराहना मिली। इसके अतिरिक्त अंजली ने अम्बे महोत्सव, गजना महोत्सव, देव सूर्य महोत्सव, पुनपुन महोत्सव और विष्णु धाम महोत्सव जैसे अनेक प्रतिष्ठित आयोजनों में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सम्मान अर्जित किया। हाल ही में दूरदर्शन बिहार पर उनके भजन की प्रस्तुति ने भी श्रोताओं के हृदय को स्पर्श किया। उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन्हें 2023 में स्वर्गीय महान गायिका लता मंगेशकर की स्मृति में ≈लता श्री सम्मान≈ से भी नवाजा गया। यह सम्मान उनके संगीत जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। अंजली सिंह की यह यात्रा केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं, बल्कि उन तमाम युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो छोटे शहरों और गाँवों से निकलकर बड़े सपने देखते हैं। अपने माता-पिता और गुरु के आशीर्वाद को अपनी सबसे बड़ी पूंजी मानने वाली अंजली अब संगीत के उच्चतम शिखर तक पहुँचने का संकल्प लिए निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उनकी साधना, संघर्ष और सफलता यह संदेश देती है कि जब सुरों में समर्पण घुल जाए, तो हर आवाज़ एक दिन पहचान बन जाती है।